उज्जैन
सोमवार
05
अक्टूबर, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-332
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 20 साल की पोती ने दादा पर बैट से किए ताबड़तोड़ वार, मौत

7 हार्दिक ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर



तस्वीरों में एआई के इस्तेमाल पर भड़कीं यामी गौतम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

नेशनल अवॉर्ड विनिंग एक्ट्रेस यामी गौतम ने मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से उनकी तस्वीरों के साथ छेड़छाड़ न करने की अपील की है। रविवार को अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट में यामी ने लिखा कि उनकी पब्लिक अपीयरेंस की तस्वीरों को बदलने या सुधारने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल न किया जाए। उनका यह बयान सेलेब्रिटीज के अक जनरेटेड डीपफेक और आपत्तिजनक कंटेंट पर बढ़ते विवादों के बीच आया है। इससे पहले समांथा रुथ प्रभु और जान्हवी कपूर से जुड़े डीपफेक मामलों पर हाईकोर्ट और फिल्मी सितारों की सख्त प्रतिक्रियाएं सामने आ चुकी हैं। यामी ने लिखा मीडिया से एक विनम्र अनुरोध। कृपया सार्वजनिक कार्यक्रमों में ली गई मेरी तस्वीरों को अक के जरिए बदलने या बेहतर बनाने से बचें। कृपया तस्वीरों का इस्तेमाल उनके मूल रूप में ही करें। किसी व्यक्ति की तस्वीर या रूप-रंग में अकका इस्तेमाल करके बदलाव या हेर-फेर उनकी जानकारी और सहमति के बिना नहीं किया जाना चाहिए। मेरे अनुरोध का सम्मान करने के लिए पहले से ही धन्यवाद!

देश

- **जयशंकर** बोले- जब दुनिया पाकिस्तान के पीछे खड़ी थी, तब भारत के साथ रूस था, 70 साल में कश्मीर समेत 4 मसलों पर समर्थन किया
- **तमिलनाडु** समेत 4 राज्यों में उपचुनाव के लिए प्रचार खत्म, सीएम विजय ने धारापुरम में 40किमी लंबा रोड शो किया, 6 अक्टूबर को वोटिंग होगी
- **किड्स जोन** में खेल रहे बच्चे को बेरहमी से पीटा, बच्चे ने कान पकड़कर माफी मांगी, फिर भी नहीं माना, सूरत की घटना
- **एवरेस्ट जीरा** पाउडर सैंपल टेस्ट में 'अनसेफ' निकला, फसाई ने वापस मंगाने का आदेश दिया
- नीट पेपर लीक मामले पर उइक की फाइनल चार्जशीट जल्दः दावा- एनटीए या किसी सरकारी अधिकारी का नाम नहीं, एजेंसी ने 13 लोगों को गिरफ्तार किया

विदेश

- **सर्वे-** ट्रम्प के कामकाज से 70% अमेरिकी संतुष्ट नहीं, मिडटर्म में हार का खतरा; राष्ट्रपति के खिलाफ रिपब्लिकन पार्टी में बगावत तेज
- **पाकिस्तान** में इमरान खान की रिहाई के लिए मार्च, लक्की मारवत से इस्लामाबाद के लिए निकले हजारों लोग, दूरी 275 किमी, 2 हजार गिरफ्तार, संसद-हाईवे सील
- **यमन** ने हूतियों को खदेड़ने के लिए फौज भेजी, इनके कब्जे में देश का एक-तिहाई हिस्सा, यहां 80% आबादी रहती है

व्यापार

- **आज से** आरबीआई की 3 दिन की मीटिंग, रेपो रेट 0.25% बढ़ सकती है, इससे लोन लेना महंगा हो जाएगा, ईएमआई भी बढ़ेगी
- **सेंसेक्स में** 400 अंक की बढ़त, 72,400 पर कारोबार कर रहा, निफ्टी भी 100 अंक ऊपर

कार्टून..



दिल्ली पुलिस पर 3 महिला पत्रकारों से बदसलूकी का आरोप

क्राइम ब्रांच जांच करेगी, दावा- सीने पर हाथ मारा, सीजेपी की एफआईआर दर्ज करने की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली में जंतर-मंतर पर 3 महिला पत्रकारों ने दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी पर बदसलूकी का आरोप लगाया है। दिल्ली पुलिस ने जांच के लिए केस क्राइम ब्रांच को सौंप दिया है। क्राइम ब्रांच अब महिला पत्रकारों के बयान दर्ज करेगी और पूरे मामले की जांच करेगी।

एक महिला पत्रकार ने दावा किया कि प्रदर्शनकारियों को पकड़ने के दौरान वहां कोई महिला पुलिसकर्मी नहीं थी। हिरासत में लेने के दौरान एसीपी विवेक भगत ने सीने पर हाथ मारा और धक्का देकर वहां से भाग गया। उधर कॉकरोच जनता पार्टी प्रवक्ता सौरव दास पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने पहुंचे। सीजेपी की मांग है कि एसीपी भगत के खिलाफ एफआईआर हो।

राहुल बोले- दिल्ली की महिलाएं सुरक्षा को लेकर घबराहट में- कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पर गृह मंत्री अमित शाह से जवाब मांगा। उन्होंने कहा- पूरी दिल्ली की महिलाएं, छात्राएं अपनी सुरक्षा को लेकर घबराहट में हैं,





सत्याग्रह कर रही हैं। दिल्ली पुलिस गृह मंत्रालय के अधीन है। गृहमंत्री को जवाब देना चाहिए।

3 अक्टूबर: मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर शनिवार को लगातार दूसरे दिन प्रदर्शनकारी पहुंचे। इनमें एआईएसए समेत छात्र संगठनों और सिविल सोसाइटी से जुड़े लोग शामिल थे। इस दौरान करीब 200 प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हिरासत में लिया।

2 अक्टूबर: जंतर-मंतर और आसपास हुए प्रदर्शन के दौरान करीब 1,000 लोगों को हिरासत में लिया गया था। बाद में इनमें से कई लोगों को छोड़ दिया गया। दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार के प्रदर्शन को लेकर कम से कम 3 एफआईआर दर्ज कीं।

10 को कॉकरोच पार्टी दिल्ली में प्रदर्शन करेगी

सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके ने 2 अक्टूबर को कहा कि ज्ञानेश कुमार ने इस्तीफा नहीं दिया तो 10 अक्टूबर को पूरे देश से कॉकरोच दिल्ली पहुंचेंगे। दीपके ने लिखा- अगर दिल्ली पुलिस हमें रोकने की कोशिश करती है, तो जहां वे हमें रोकेंगे, वही हमारा जंतर-मंतर होगा। हमारा आंदोलन शांतिपूर्ण होगा। हम महात्मा गांधी के दिखाए रास्ते पर चलेंगे।
सीईसी ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयोग पर एसआईआर को लेकर सवालों खड़े हुए हैं। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने एसआईआर से जुड़े फैसलों और आदेशों पर रिकॉर्ड में कम से कम 14 बार आपत्ति जताई थी। दावा है कि कई फैसले और आदेश संधू और जोशी की जानकारी या सिफारिश के बिना जारी किए गए।

अचानक सीएम के काफिले के सामने आ गए किसान, गाड़ी से उतरकर मोहन यादव ने सुनी पीड़ा

किसानों ने सीएम को दिखाई सूखी फसल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ छिंदवाड़ा

नए जिले के रूप में पांढुर्णा पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव के सामने किसानों ने अपनी सबसे बड़ी चिंता सीधे रख दी। रविवार दोपहर करीब 2 बजे मुख्यमंत्री के लौटने के दौरान गेट के पास किसानों ने हाथों में सूखी फसल लेकर उनका काफिला रोक लिया। किसानों ने बताया कि बारिश की कमी से खेतों में नमी खत्म हो रही है और खरीफ फसलों पर संकट गहराता जा रहा है।

किसानों को सामने देखकर मुख्यमंत्री गाड़ी से नीचे उतरे और उनकी समस्याएं सुनीं। किसानों ने पांढुर्णा को सूखाग्रस्त घोषित करने, खेतों का तत्काल सर्वे कराने और कर्ज माफी की मांग रखी।

कपास, तुअर, ज्वार और मूंगफली पर संकट

किसानों ने मुख्यमंत्री को बताया कि सामान्य से कम बारिश के कारण कई इलाकों में फसलें मुरझाने लगी हैं। कपास, तुअर, ज्वार और मूंगफली सहित खरीफ की दूसरी फसलों पर भी इसका असर दिखाई दे रहा है। किसानों का कहना था कि यदि बारिश की स्थिति ऐसी ही रही तो उत्पादन बुरी तरह प्रभावित हो सकता है। खेती में लगाई गई लागत निकलना भी मुश्किल हो जाएगा और पुराने कर्ज का दबाव अलग बना रहेगा।



किसान बोले- फसल गई तो कर्ज कैसे चुकाएंगे: किसान प्रकाश गायधने ने मुख्यमंत्री के सामने खेतों की स्थिति रखी। उन्होंने कहा कि नमी लगातार कम हो रही है और कई जगह फसल सूखने की स्थिति में पहुंच चुकी है। किसानों ने मांग की कि नुकसान का तत्काल सर्वे कराया जाए और वास्तविक स्थिति के आधार पर राहत दी जाए। किसानों ने फसल नुकसान के साथ कर्ज माफी का मुद्दा भी उठाया। उनका कहना था कि फसल खराब होने पर आय प्रभावित होगी, ऐसे में पुराने कर्ज की अदायगी किसानों के लिए बड़ी चुनौती बन जाएगी।
पूर्व विधायक ने भी उठाई सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग: कांग्रेस के पूर्व विधायक जतन उईके ने भी मुख्यमंत्री के सामने पांढुर्णा को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि फसल खराब होने पर किसानों पर खेती की लागत और पुराने कर्ज का दोहरा दबाव पड़ेगा। उन्होंने फसल नुकसान के आधार पर मुआवजा देने और किसानों के कर्ज माफ करने की मांग की।

सीएम का भरोसा- पहले सर्वे, फिर नुकसान के हिसाब से कार्रवाई

किसानों की मांग सुनने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कलेक्टर को फसलों का सर्वे कराने के निर्देश दिए गए हैं। सर्वे के बाद फसलों की वास्तविक स्थिति और नुकसान का आकलन होगा। इसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को किसानों के हित में आवश्यक कदम उठाने के निर्देश भी दिए।

तीन घंटे देरी से पहुंचे सीएम

मुख्यमंत्री निर्धारित समय से करीब तीन घंटे देरी से पांढुर्णा पहुंचे। उन्होंने सांदीपनी स्कूल में 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम में बुजुर्गों और लाड़ली लक्ष्मी योजना के हितग्राहियों को सम्मानित किया। इसके बाद उन्होंने 'सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार' के तहत लगाए गए शिविर का निरीक्षण किया और अलग-अलग विभागों के स्टॉल देखे।
मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2023 में पांढुर्णा के जिला बनने के बाद से सरकार यहां लगातार विकास कार्य कर रही है। नए सरकारी भवनों के निर्माण और विभिन्न विभागों में पदों की स्वीकृति की प्रक्रिया चल रही है। सरकार का उद्देश्य प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करना और लोगों को स्थानीय स्तर पर सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

हाउसिंग बोर्ड की सख्ती के खिलाफ सड़क पर उतरे विधायक, खुद हटवाईं ईंटें और दीवारें



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के इंदिरा नगर में हाउसिंग बोर्ड की सख्त कार्रवाई के विरोध में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा भाजपा कार्यकर्ताओं और व्यापारियों के साथ पहुंचे। उन्होंने ईंटें और दीवारें हटवाईं। व्यापारियों को लीज रेंट और फ्री-होल्ड प्रक्रिया पूरी करने के लिए एक साल का समय देने की बात कही।

इंदिरा नगर में एमपी हाउसिंग बोर्ड की कथित मनमानी और सख्त कार्रवाई के विरोध में शनिवार को आक्रोश देखने को मिला। आवासीय मकानों के व्यावसायिक उपयोग को लेकर बोर्ड की कार्रवाई के विरोध में उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा खुद सड़क पर उतर आए। वे भाजपा कार्यकर्ताओं और व्यापारियों के साथ इंदिरा नगर पहुंचे। यहां उन्होंने हाउसिंग बोर्ड की कार्रवाई के डर से खड़ी की गई ईंटों और दीवारों को खुद हटवाकर विरोध दर्ज कराया।

विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने कहा कि एमपी हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों की गलतफहमी और अव्यावहारिक नीति के कारण क्षेत्रवासी और व्यापारी कई दिनों से परेशान हो रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार का निर्णय सकारात्मक है और वह चाहती है कि सभी काम नियमानुसार हों। हालांकि, नियमों की आड़ में ताकत का इस्तेमाल कर लोगों को डराया-धमकाया नहीं जाना चाहिए। बोर्ड की कथित मनमानी के कारण व्यापारियों को अपने कारोबार में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। मौके पर पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन आवासीय परिसरों के बाहर से ईंटें हटाईं, जिन्हें बोर्ड की सख्ती के बाद बंद कर दिया गया था या बंद करने की स्थिति में पहुंचा दिया गया था।

लीज राशि और फ्री-होल्ड प्रक्रिया को लेकर दिया सुझाव

विधायक अनिल जैन ने हाउसिंग बोर्ड के रवैये पर सवाल उठाते हुए व्यापारियों और अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वे एक साल के भीतर लीज रेंट जमा करने की प्रक्रिया पूरी कर अपनी संपत्ति को फ्री-होल्ड करा लें, ताकि भविष्य में किसी तरह की अड़चन न आए। विधायक ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे एक साल से पहले व्यापारियों पर राशि जमा करने का अनुचित दबाव न बनाएं। साथ ही, लीज रेंट जमा करने के लिए सरल और सुगम प्रक्रिया तैयार की जानी चाहिए, जिससे आम नागरिक आसानी से भुगतान कर सकें।

हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष से हुई चर्चा, जल्द होगा सुधार

विधायक ने बताया कि इस पूरे मामले को लेकर एमपी हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष ओम जैन से भी चर्चा हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि बोर्ड जल्द ही अपनी प्रक्रिया में सुधार करेगा, जिससे आम जनता और व्यापारियों को राहत मिलेगी।
विधायक ने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार में किसी को घबराने या डरने की जरूरत नहीं है। जनहित के खिलाफ उठाए जाने वाले किसी भी कदम को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

वोटिंग से रोकने वाली प्रक्रिया मनमानीः भुइयां

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस उज्जल भुइयां ने कहा- ऐसी कोई भी प्रक्रिया मनमानी है, जो लाखों भारतीयों को वोटिंग के अधिकार से रोकती है। इसे कोई भी बहाना सही नहीं ठहरा सकता। ऐसी प्रक्रिया संवैधानिक व्यवस्था को नकारती है। उन्होंने कहा- चाहे अरबपति हो या रिक्शा चलाने वाला हो। दोनों के वोट की कीमत बराबर होती है। जस्टिस भुइयां रविवार को हैदराबाद में नेलसार यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। भारत का संविधान नागरिकों के दो वर्ग नहीं बनाता, जिसमें एक वर्ग को वोट देने का अधिकार हो और दूसरे को इससे रोका जाए। भारतीय नागरिकों को बड़े पैमाने पर वोटिंग से रोकने वाली कोई भी प्रक्रिया संविधान के अनुच्छेद 326 और 14 का उल्लंघन होगी। अगर कोई प्रक्रिया लाखों भारतीय नागरिकों को उनके ही देश में दूसरे दर्जे का नागरिक बनाती है तो यह मनमानी है। इसे किसी भी तर्क से सही नहीं ठहराया जा सकता। यह संविधान के मूल सिद्धांतों के खिलाफ और संवैधानिक व्यवस्था का उल्लंघन है।

कोर्ट में ज्ञानेश कुमार के खिलाफ सुनवाई आज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट आज सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ दायर दो याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। ये याचिकाएं स्पेशल इंटेन्सिव रिवीजन से जुड़े फैसलों को लेकर दाखिल की गई हैं। आरोप है कि एसआईआर से जुड़े करीब 14 फैसले दो अन्य चुनाव आयुक्तों की सहमति के बिना लिए गए। याचिकाकर्ताओं ने इन फैसलों को पलटने, ज्ञानेश कुमार पर मुकदमा चलाने और एसआईआर में मतदाताओं के नाम हटाने की एसआईटी जांच की मांग की है। साथ ही सीईसी को अंतिम फैसला आने तक पद के कामकाज से अलग रखने की भी मांग की गई है। सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहना की बेंच मामले की सुनवाई करेगी। याचिकाओं में कहा गया है कि एसआईआर के दौरान 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 13 करोड़ नाम हटाए गए। याचिका पटना के राकेश कुमार सिंह ने दायर की है। इसमें कहा गया है कि चुनाव आयोग एक बहुसदस्यीय संस्था है। इसलिए इसके फैसले एकतरफा नहीं लिए जा सकते।

24 हजार फीट से अचानक नीचे आया एयर एंबुलेंस जेट

समुद्र में गिरा, 6 लोग लापता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नैन्टकेट

बरमूडा से अमेरिका के बोस्टन के लिए उड़ान भरने वाला एक एयर एंबुलेंस विमान अटलांटिक महासागर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे से पहले विमान का एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क टूट गया था। अमेरिकी तटरक्षक बल ने समुद्र में विमान का मलबा बरामद कर लिया है। विमान में मरीज समेत छह लोग सवार थे और उनकी तलाश के लिए अभियान जारी है।

रिपोर्टों के अनुसार, लैटीट्यूड एयर एम्बुलेंस का गल्फस्ट्रीम जी100 विमान बरमूडा के एलएफ वेड इंटरनेशनल एयरपोर्ट से बोस्टन के लोगान इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए रवाना हुआ था। उड़ान के दौरान नैन्टकेट के दक्षिणी हिस्से में विमान में गंभीर तकनीकी समस्या सामने आने की बात कही जा रही है। उपलब्ध फ्लाइट डेटा के मुताबिक विमान करीब 24 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ रहा था। इसके बाद लगभग दो मिनट के भीतर इसकी ऊंचाई करीब 13 हजार फीट कम हो गई। करीब 10 हजार फीट की ऊंचाई के आसपास पहुंचने के बाद विमान का रडार संपर्क भी समाप्त हो गया।



सामने आया आखिरी रेडियो संपर्क

हादसे से पहले पायलट और एयर ट्रैफिक कंट्रोल के बीच हुई बातचीत का एक ऑडियो सामने आया है। इसमें कंट्रोलर पायलट से यह पुष्टि करने की कोशिश करता सुनाई देता है कि क्या कॉकपिट से यह संदेश मिला है कि उन्हें कुछ दिखाई नहीं दे रहा। पायलट की तरफ से स्पष्ट जवाब नहीं मिलने के बाद कंट्रोलर ने आपात स्थिति घोषित किए जाने के बारे में पूछा। इसके बाद विमान की ओर से कोई प्रभावी जवाब नहीं मिला और संपर्क टूट गया। विमान के लापता होने के बाद अमेरिकी तटरक्षक बल ने खोज एवं बचाव अभियान शुरू किया।

मां की मौजूदगी में पिता ने 5 बार किया रेप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अंजार

गुजरात के कच्छ जिले के अंजार से रिश्तों को तार-तार कर देने वाला दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक नाबालिग लड़की ने अपने ही माता-पिता पर रोंगटे खड़े कर देने वाले गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता की शिकायत के मुताबिक, किसी लड़के से फोन पर बात करने से नाराज माता-पिता ने पहले उसे कई दिनों तक बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा, फिर मां की मौजूदगी में कलयुगी पिता ने उसके साथ पांच बार दुष्कर्म किया। हद तो तब हो गई जब इस दरिंदगी के दौरान मां खुद बेटी की नग्न तस्वीरें खींचती रही। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी माता-पिता दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, विवाद की शुरूआत 14 सितंबर 2026 को दोपहर करीब 1 बजे हुई। पीड़िता घर में अपने एक दोस्त से फोन पर बात कर रही थी, जिसे उसकी मां ने देख लिया। दोपहर करीब 2:30 बजे जब पिता खाना खाने घर पहुंचे, तो मां ने उनसे बेटी के फोन पर बात करने की शिकायत कर दी। इसके बाद पिता ने अपना आपा खो दिया और किशोरी के साथ बुरी तरह मारपीट की।



महाकाल श्रृंगार



भस्म अर्पित कर किया राजा स्वरूप में श्रृंगार, चंदन तिलक-आभूषण अर्पित

अपनेतक

चुनाव व्यवस्था पर उठे सवालों का जवाब जरूरी

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और रक्रप्रक्रिया को लेकर उठ रहे सवाल अब राजनीतिक बहस से आगे बढ़कर लोकतांत्रिक संस्थाओं में भरोसे का मुद्दा बनते जा रहे हैं। सीजेपी से जुड़े एक्टिविस्ट अभिजीत दीपके द्वारा 10 अक्टूबर को जंतर-मंतर पहुंचने की अपील इसी असंतोष को सार्वजनिक आंदोलन का रूप देने की कोशिश के तौर पर देखी जा सकती है।

चुनाव प्रक्रिया को लेकर कोई भी आरोप कितना सही है, इसका फैसला नारों या सोशल मीडिया संदेशों से नहीं, बल्कि उपलब्ध दस्तावेजों, मतदाता सूची के आंकड़ों, प्रक्रिया की पारदर्शिता और निर्वाचन आयोग के जवाब से होना चाहिए। यदि रक्रमें गड़बड़ियों के ठोस प्रमाण हैं तो उनकी स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, और यदि आरोप तथ्यहीन हैं तो आयोग को भी स्पष्ट आंकड़ों के साथ स्थिति सामने रखनी चाहिए।

लोकतंत्र में विरोध और सवाल उठाना नागरिक अधिकार है, लेकिन चुनाव जैसी संवेदनशील प्रक्रिया पर बहस तथ्य और प्रमाण के आधार पर ही आगे बढ़े तो उसका महत्व बढ़ता है। 10 अक्टूबर का प्रस्तावित प्रदर्शन इसलिए केवल भीड़ जुटाने का कार्यक्रम न रहकर यह सवाल उठाने का अवसर बन सकता है कि चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनता का भरोसा कैसे सुनिश्चित किया जाए।

आखिर चुनाव आयोग किसी एक दल या विचारधारा का नहीं, बल्कि पूरे लोकतांत्रिक तंत्र का महत्वपूर्ण संस्थान है। इसलिए उस पर उठने वाले सवालों का जवाब भी उतनी ही गंभीरता, स्पष्टता और सार्वजनिक जवाबदेही के साथ दिया जाना चाहिए।

पुष्य नक्षत्र पर बच्चों के लिए लगेगा विशेष स्वर्णप्राशन शिविर

उज्जैन। बच्चों के संपूर्ण शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए धन्वंतरि आयुर्वेद द्वारा पुष्य नक्षत्र के शुभ अवसर पर 5 अक्टूबर को विशेष स्वर्णप्राशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। फ्रीगंज स्थित कुशाभाऊ ठाकरे कॉम्प्लेक्स में आयोजित होने वाले इस शिविर में शून्य से 16 वर्ष तक के बच्चों को अनुभवी आयुर्वेद चिकित्सक के परामर्श से स्वर्णप्राशन कराया जाएगा। आयुर्वेद में स्वर्णप्राशन को बच्चों के लिए अत्यंत लाभकारी माना गया है। यह बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता इम्युनिटी बढ़ाने, स्मरण शक्ति एवं एकाग्रता में सुधार करने के साथ ही पाचन शक्ति को बेहतर बनाने में सहायक है। इसके सेवन से बच्चों का बार-बार होने वाले सर्दी, खांसी और विभिन्न प्रकार के संक्रमण से बचाव होता है। आयोजकों के अनुसार यह विशेष शिविर दो सत्रों में आयोजित किया जाएगा। बच्चे सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक और शाम 5 बजे से 7 बजे तक शिविर में उपस्थित होकर लाभ ले सकेंगे।

विक्रांत भैरव मंदिर में गूंजे सवा लाख महामृत्युंजय मंत्र, पितरों की शांति के लिए हुआ महायज्ञ

उज्जैन। पितृ पक्ष के पावन अवसर पर विश्व शांति, जनकल्याण और पितरों की सद्गति एवं मोक्ष के लिए विक्रांत भैरव मंदिर में अघोर अचल नाथ जी के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सवा लाख महामृत्युंजय मंत्र जाप और भव्य हवन संपन्न हुआ।

मां शिप्रा तैराक दल व नगर निगम ने रामघाट पर की सेवा

शिप्रा में विसर्जित मूर्तियां बाहर निकालीं, तैराक दल ने चलाया सफाई अभियान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मां शिप्रा तैराक दल सामाजिक एवं सांस्कृतिक कल्याण समिति द्वारा रामघाट पर लंबे समय से निःस्वार्थ भाव से सेवाएं दी जा रही हैं। इसी क्रम में गणेश विसर्जन के बाद शिप्रा नदी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। तैराक दल एवं नगर निगम के सहयोग से रामघाट क्षेत्र में नदी की सफाई की गई तथा विसर्जित गणेश प्रतिमाओं को पानी से बाहर निकाला गया।

अभियान के दौरान नदी में मौजूद मूर्तियों एवं अन्य सामग्री को बाहर निकालकर निर्धारित स्थान पर पहुंचाया गया, ताकि शिप्रा नदी को स्वच्छ एवं प्रदूषणमुक्त रखा जा सके। तैराक दल के सदस्यों ने नदी में उतरकर सफाई कार्य में सक्रिय भागीदारी की।

इस अवसर पर मां शिप्रा तैराक दल सामाजिक एवं सांस्कृतिक कल्याण समिति के सचिव संतोष सोलकी सहित तैराक दल के सदस्यों और नगर निगम कर्मचारियों ने अभियान में सहयोग किया। समिति द्वारा धार्मिक आयोजनों के दौरान नदी की स्वच्छता बनाए रखने के साथ ही श्रद्धालुओं की सहायता के लिए भी लगातार सेवाएं दी जा रही हैं। तैराक दल का कहना है कि शिप्रा केवल नदी नहीं, बल्कि उज्जैन की आस्था और पहचान है। इसलिए इसके जल को स्वच्छ रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। गणेश विसर्जन के बाद चलाए गए इस अभियान का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना भी रहा।





पितरों के मोक्ष और जन कल्याण के लिए पंच दिवसीय शिव महापुराण कथा शुरू

पहले दिन बताई रुद्राक्ष की महिमा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

दुर्गा सशक्त भाव वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में पितृ पक्ष के पावन अवसर पर मालनवासा स्थित जागृति मैरिज गार्डन में पांच दिवसीय शिव महापुराण कथा का शुभारंभ रविवार 4 अक्टूबर को कलश यात्रा के साथ हो गया है। पितरों की मोक्ष प्राप्ति एवं जन कल्याण के उद्देश्य से 8 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली इस कथा का वाचन ज्योतिषाचार्य पंडित अजय शंकर तिवारी कर रहे हैं। आयोजन के पहले दिन कथावाचक ने कथा का महात्म्य, रुद्राक्ष व बिल्व पत्र की महिमा और कथा श्रवण की विधि का वर्णन किया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 5 अक्टूबर को सती चरित्र व्याख्या, 6 अक्टूबर को शिव पार्वती विवाह, 7 अक्टूबर को गणेश जन्मोत्सव और कथा के अंतिम दिन 8 अक्टूबर को 12 ज्योतिर्लिंग महिमा का वर्णन किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन के प्रेरणा स्रोत मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हैं। कार्यक्रम के यजमान व संरक्षक सोसाइटी के निर्देशक काशीनाथ कुमार (के.के.) हैं। आयोजन को सफल बनाने में समिति की अध्यक्ष दुर्गेश नंदिनी शर्मा, उपाध्यक्ष नीलू जैन, सचिव डॉ. दीपा बजाज, उपसचिव रुपाली शर्मा और कोषाध्यक्ष श्रीमती भावना जोशी सहित सदस्या श्रीमती अर्चना अत्रे, रेखा जी, श्रीमती श्री कुंवर चावड़ा, भारती और विद्या शर्मा सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। आयोजक समिति ने शहर के सभी धर्मप्रेमियों से सपरिवार कथा में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने का आग्रह किया है।

घरों में माहोल नहीं पर नई पीढी उत्सुक





ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

बदलते परिवेश मे पक्के मकानों मे रहते नौनिहाल आज अपने लोकपर्व व उसके महत्व से सर्वथा अनभिज्ञ हैं फिर भी जब उन्हें मालवा के लोकपर्व संजा की जानकारी दी गई तो वे काफी उत्सुक दिखे और संजा को देर तक निहारते रहे। इसमे कुछ छात्र छात्राएं अच्छे चित्रकार भी थे जो इसमे रूचि लेते रहे और जब उन्हें गोबर व अन्य संबंधित सामग्री दी गई तो कुछ ही समय मे उन्होनें सुन्दर संजा की रचना की जो सराहनीय है। यदि छात्र छात्राओ को थोडा प्रोत्साहन घर से मिले तो ये गोबर की इस प्राचीन कला विरासत को सहेजकर आगे स्थानांतरित करते रहेंगे। ऐसा अनुभव रहा संजा लोकोत्सव आयोजित करनेवाली संस्था प्रतिकल्पा के संस्थापक सचिव कुमार किशन का। संजा प्रतियोगिता रविवार को कालिदास अकादमी मे आयोजित की गई जिसमे सभी आयुवर्ग के विद्यार्थियों ने शिरकत की। संजा कला की निष्णात सुश्री अंजली समाधिया ने बताया कि पहले तो हर घर मे गोवंश होते थे व गोबर आसानी से उपलब्ध रहता था। ये कला किसी बच्चे को पकडकर नहीं सिखाई जाती थी बल्की बच्चे बडो को देखकर स्वतः ही दीवार पर आकृति बनाना सीख जाते थे। माहौल का अंतर ही बच्चो को संजा से दूर ले गया। दीवार पर संजा की सुन्दर आकृति बनाने की ललक पहले हर बालिका मे होती थी। अभ्यास करते करते बहुत ही अल्प समय मे विशाल संजा की रचना हो जाती है। संजा के लोकगीत बहुत ही मीठे और मजेदार होते हैं जिनको स्वर के साथ गाने से सकारात्मक तरंगे प्रसारित होती हैं।

हमारे विद्यालय में आज जो संजा और मांडना कला की प्रतियोगिता आयोजित की गई ,यह हमारे लिए बिल्कुल ही नया अनुभव था।पहले हम सभी लोग संकोच कर रहे थे लेकिन जब हमने प्रतियोगिता में संजा बनाई तो हमें बहुत अच्छा लगा और जब पुरस्कार मिला तो हमें गर्व महसूस हुआ।

नम्रता बेस , उत्कृष्ट विद्यालय, शास्त्रीनगर।

हम हमारे घर के लोगों से संजा के बारे में बहुत सुनते थे। थोड़े से गीत भी गाना आते हैं लेकिन आज तक हमें किसी ने भी संजा बनाने के लिए प्रेरित नहीं किया। यह पहली बार है कि प्रतियोगिता के माध्यम से हमने संजा बनाई।यह हमारे लिए बहुत ही अच्छा अनुभव रहा। आगे हम हमारे घर में संजा बनाएं ,ऐसा प्रयास रहेगा।


आयुषी गोमे,उत्कृष्ट विद्यालय, शास्त्रीनगर।

छोटे बच्चों को प्रेरक कथाओं को चित्रकला से समझाने का प्रयास

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

प्रेरणादायी कहानियों को छोटे बच्चों को सुनाना हमारे देश की पुरानी पद्धति रही है जिससे प्रेरणा लेकर हमारी भावी पीढी बहुत कुछ सीखती थी जो उनके चरित्र गठन मे सहायक सिद्ध होती थी। समय बदला और कहानियां भी कहीं गुम हो गईं। आज संयुक्त परिवार विखण्डित होकर एकल परिवार मे सिमट गए तो दादा दादी नामक मजबूत स्तंभ जो कहानियां सुनाते थे उनका भी लोप हो चुका है। इसी समस्या को देखते हुए जातक कथाओं को चित्रकला जैसे सुदृढ संप्रेषण माध्यम से समझाने का प्रयास जयपुर की प्रख्यात शिक्षाविद व चित्रकार डॉ उमा जोशी कर रही हैं।

विगत दिनों शहर की संस्था प्रतिकल्पा द्वारा आयोजित लोक- कला उत्सव मे पधारीं डॉ उमा ने कालीदास अकादमी मे अपने चित्रों को सजाया जो विष्णु शर्मा के ग्रंथ पंचतंत्र की कथाओं पर आधारित रही। सुन्दर छोटे छोटे चित्रों के द्वारा कहानियों के प्रस्तुतीकरण को सभी ने सराहा। पंचतंत्र की कथा सिंहकारक मूर्ख ब्राह्मण से संदेश दिया गया कि व्यावहारिक ज्ञान के बिना पुस्तकीय ज्ञान व्यर्थ है और कभी कभी विनाशकारी सिद्ध होता है। चार विद्वान वेदशास्त्री ब्राह्मणों मे तीन पुस्तकीय ज्ञान मे निपुण थे पर चौथा व्यावहारिक ज्ञान रखता था। जंगल मे मृत शेर को जीवित करने के मंत्र का उच्चारण करके तीन ब्राह्मणों ने डिंग मारी ,चौथे ने मना किया किन्तु वः नहीं माने। चौथे ब्राह्मण ने पलभर का समय मांगा और वो पेड पर चढ गया। शेष तीन शिष्यों ने मंत्रों से शेर को जीवित कर दिया । शेर ने दहाड लगाई और उन्हें मार दिया। चौथा ब्राह्मण पेड पर सुरक्षित रहा। इस प्रकार की विभिन्न कथाओं को तूलिका द्वारा व्यक्त करके बच्चों को पुरातन कथाओं से जोडने का प्रयास उमा शर्मा ने किया है। उनकी काफी बुक्स को भी सभी ने पसंद किया ।



पंजाब की सौंधी महक के साथ खूब बरसाया लोक नृत्य का रंग

ब्रह्मास्त्र ›› (पं राहुल शुक्ल) उज्जैन

उज्जैन। पंजाब के लोकनृत्य की बात हो तो सबसे पहले गिद्दा व भांगडा ही याद आते हैं। पंजाब के ग्रामीण क्षेत्रों मे उत्सव व समारोह गिद्दा नृत्य के बिना अधूरे ही माने जाते हैं। घर परिवार मे मांगलिक अवसरों पर गिद्दा की धूम रहती है जो जीवन मे उत्साह व उमंग का रंग घोलती सी जान पडती है। विशेषकर शादी समारोह मे महिलाएं मनोरंजन व हास- परिहास के लिए गिद्दा नृत्य का सहारा लेती हैं।

चर्चा करते हुए नृत्यांगना प्रीति ने बताया कि गिद्दा जैसे लोकनृत्य को प्रोत्साहन की बहुत आवश्यकता है अन्यथा हमारी पुरातन सांस्कृतिक विरासत लुप्त हो जाएगी। वे स्वयं स्कूल कालेज मे गिद्दा नृत्य की वर्कशाप आयोजित करती हैं,ताकि नई पीढी हमारे लोकनृत्य को लंबे समय तक सहेजकर रखें और हास परिहास से मनोरंजन की गंगा तिरोहित करते रहें। प्रीति का प्रयास धीरे धीरे रंग ला रहा है और पंजाब के बच्चे नृत्य के इस फन को सिखने में खासी रूचि ले रहे हैं।

लोक संस्कृति के लिए समर्पित शहर की संस्था प्रतिकल्पा द्वारा आयोजित लोकपर्व मे पंजाब के गुरदासपुर से आए कलाकारों ने मालवा की माटी मे गिद्दा का ऐसा सुन्दर प्रदर्शन किया कि दर्शकों ने देर तक कलाकारों के फन की दाद दी। पंजाब लोक- कला केन्द्र, गुरदासपुर से अपने कलाकारों के समूह के साथ आई नृत्यांगना प्रीति राजगढ़िया ने चर्चा करते हुए बताया कि पंजाब मे लडके की बारात रवाना होने जैसे मांगलिक अवसर पर महिलाएं घर मे गिद्दा नृत्य द्वारा हास- परिहास व मनोरंजन करती हैं । ये एक समूह नृत्य है जिसमे महिलाएं होती हैं। पुरूष का रोल भी महिला ही अदा करती हैं। नृत्य मे भावभंगिमा व मुद्राओं द्वारा जीवंत संप्रेषण होता है जैसे बुआ व फूफा पर केन्द्रित हल्की नोक झोंक को नृत्य द्वारा प्रस्तुत किया जाता है। इसमे नृत्य के साथ लोकवाद्य भी बजते हैं।



शहर आगमन पर विक्रांत सेंगर का भव्य स्वागत

उज्जैन। आयुष सिंह सेंगर और सुश्री प्रियंका के सुपुत्र विक्रांत सिंह सेंगर के उज्जैन आगमन पर भव्य स्वागत व सम्मान किया गया। इस सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों, प्राध्यापकों और शहर के गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर विक्रांत के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अतिथियों ने इस अवसर पर वीरेंद्र सिंह सेंगर एवं प्रो कल्पना वीरेंद्र सिंह को भी आत्मीय बधाई दी।

समारोह में शहर के प्रमुख शिक्षाविदों व अधिकारियों ने शिरकत की। इनमें सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो अर्पण भारद्वाज, मप्र लोक सेवा आयोग के परीक्षा नियंत्रक डॉ वी के गुप्ता और उच्च शिक्षा के अतिरिक्त संचालक डॉ एच एल अनिजवाल मुख्य रूप से शामिल रहे।

मंथर गति से लौट रहा सामान्य दिनों की ओर

बाजारों मे सुबह पुनः दिखी रौनक, रौनक लौटी व स्थानीय लोग प्रसन्न

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शाही मस्जिद प्रकरण के बाद छावनी मे तब्दील हुआ छत्रीचौक व आसपास का क्षेत्र बेरौनक व शांत हो चुका था। कल दोपहर बाद से प्रशासन ने गुदरी से कभी मार्ग तक रास्ता आमजन के लिए खोल दिया। इसी प्रकार सतीगेट से भोलागुरू व छोटा सराफा तक का रास्ता खोला गया।

प्रशासन द्वारा बैरिकेड्स हटाने से इन मार्गों पर आवागमन पुनः निर्बाध रूप से शुरू हो गया इससे सबसे ज्यादा खुश स्थानीय रहवासी, मंदिरों मे नियमित दर्शन करनेवाले श्रद्धालु व छोटे रहडीवाले के दुकानदार नजर आए। आज सुबह का दृश्य दिल को सुकून देनेवाला नजर आया जब सुबह से ही भगवान व पितरों के लिए फूल व माला की दुकानों पर खरीददार दिखे। छत्रीचौक क्षेत्र पर बेजार हो चुका हार फूल बाजार पुनः रौनक से भरपूर दिखा। हारफूल के अलावा ठेलों पर से लोग कुंकुम व पूजन सामग्री भी खरीद रहे थे। गोपाल मंदिर मे दर्शन करने भी श्रद्धालु बेखौफ होकर आ रहे थे। सुरक्षा के लिए तैनात दस्तों के जवान सुबह चाय व नाश्ता करते दिखे। अभी भी पर्याप्त फोर्स शाही मस्जिद क्षेत्र मे तैनात है। अतिआवश्यक सेवा के वाहन द्वारा सुरक्षाबल के जवानों को नाश्ता उपलब्ध कराया जा रहा है। लोग प्रसन्न हैं कि शहर वापस सामान्य दिनों की ओर लौट रहा है।





विक्रम विवि में 9 को सजेगा कलर्स ऑफ साइंस विज्ञान बाजार

किसान कल्याण के लिए विज्ञान थीम पर विद्यार्थी दिखाएंगे हुनर, मिलेट फूड और जैविक उत्पाद रहेंगे आकर्षण

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ स्टडीज इन जूलॉजी एंड बायोटेक्नोलॉजी में 9 अक्टूबर को 'कलर्स ऑफ साइंस 3.0 विज्ञान बाजार' का आयोजन किया जाएगा। कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज के मार्गदर्शन और विभागाध्यक्ष डॉ. सलिल सिंह के निर्देशन में सुबह 10.30 से शाम 5 बजे तक होने वाले इस आयोजन में विद्यार्थी 'किसान कल्याण के लिए विज्ञान' थीम पर विज्ञान, कृषि, पर्यावरण और उद्यमिता से जुड़े नवाचारों का प्रदर्शन करेंगे।

विज्ञान बाजार में मुख्य रूप से मिलेट फूड और जैविक कृषि उत्पाद आकर्षण का केंद्र रहेंगे। विद्यार्थी बाजरा, ज्वार, रागी, कोदो और कुटकी से तैयार पारंपरिक व आधुनिक व्यंजन, स्नैक्स, बेकरी उत्पाद और पेय पदार्थ पेश कर इनके पोषण संबंधी महत्व को बताएंगे। इसके साथ ही कृषि और जैव प्रौद्योगिकी पर आधारित बायोपेस्टिसाइड, बायोफंगीसाइड, जैविक खाद, वर्मी कम्पोस्ट, प्राकृतिक कीटनाशक और एडिबल बायोप्लास्टिक जैसे उपयोगी उत्पाद भी प्रदर्शित किए जाएंगे। इनके माध्यम से टिकाऊ कृषि और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा।

आयोजन में हर्बल कॉस्मेटिक्स, प्लांट बेस्ड प्रोडक्ट्स और प्राकृतिक रंगों से जुड़े मॉडल भी देखने को मिलेंगे। यह विज्ञान बाजार नई शिक्षा नीति की 'लर्न एंड अर्न' अवधारणा पर आधारित है। इसके जरिए विद्यार्थियों को केवल मॉडल दिखाने का ही नहीं बल्कि उत्पाद निर्माण, नवाचार, ब्रांडिंग, मार्केटिंग और उद्यमिता का व्यावहारिक अनुभव भी मिलेगा। इन नवाचारों के जरिए विज्ञान को प्रयोगशाला से निकालकर सीधे किसानों, बाजार और समाज तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

उज्जैन
सोमवार
05
अक्टूबर, 2026

दैनिक
ब्रह्मास्त्र

गुरौ न प्राप्यते यत्तन्नान्यत्रापि हि लभ्यते।
गुरुप्रसादात सर्वं तु प्राप्नोत्येव न संशयः।।

अर्थः गुरु के द्वारा जो प्राप्त नहीं होता, वह अन्यत्र भी नहीं मिलता। गुरु कृपा से निस्संदेह (मनुष्य) सभी कुछ प्राप्त कर ही लेता है।

खबर एक नजर...

बुजुर्ग महिला को एमआईसी सदस्य ने गोद में उठाया

इंदौर। वार्ड-47 में सेवा पखवाड़े के दौरान बुजुर्गों के सम्मान का ऐसा दृश्य सामने आया, जिसने सभी का ध्यान खींच लिया। गोमा की फेल स्थित कबीर चौक में आयोजित कार्यक्रम में एक बुजुर्ग महिला चलने में असमर्थ थीं। यह देखकर एमआईसी सदस्य एवं पार्षद नंदकिशोर पहाड़िया ने उन्हें गोद में उठाया और घुमाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चल रहे सेवा पखवाड़े के तहत वार्ड में बुजुर्ग महिलाओं के सम्मान का आयोजन किया गया था। 11 बुजुर्ग महिलाओं को रथ में बैठाकर ढोल-नगाड़ों के साथ गोमा की फेल क्षेत्र में भ्रमण कराया गया। इसके बाद सभी महिलाओं को राशन किट भी वितरित की गईं। कार्यक्रम में 85 वर्षीय कोमल बाई सेरिया का जन्मदिन भी मनाया गया। इस दौरान उन्हें सम्मानित कर केक काटा गया। कोमल बाई का मकान जीर्ण-शीर्ण हालत में है। उनका एक बेटा विशेष मानसिक स्थिति से जूझ रहा है। स्थिति की जानकारी मिलने पर पार्षद पहाड़िया ने मकान बनवाने की पहल का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी मौजूद रहे।

चलती कार में लगी आग फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

इंदौर। रविवार रात एक चलती कार में अचानक आग लग गई। सूचना के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। घटना करीब रात 9 बजे की है। कलेक्टर ऑफिस के समीप ऋऊऊ कॉलेज के पास कार में शॉर्ट सर्किट के चलते आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को मिली थी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने करीब एक टैंक पानी डालकर आग पर काबू पाया। सूचना के बाद जूनि इंदौर भी मौके पर पहुंची। व्यापारी शैलेंद्र जैन ने बताया कि वह अपनी कार से दोस्त के साथ महूनाका की तरफ जा रहे थे, तभी कार के बोनट से अचानक धुंआ निकला। वह कार से उतर कर सीधे बाहर हो गए इतनी देर में कार में भीषण आग लग गई। घटना के कुछ देर बाद दमकल ने आकर आग बुझा दी। संभवतः शार्ट-शर्किट के चलते गाड़ी में आगजनी की घटना हुई है।

बदमाशों ने राज नगर में 3 कारों के कांच फोड़े, तलाश में जुटी पुलिस

इंदौर। चंदन नगर के राज नगर में बदमाशों का उपद्रव रुकने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को बदमाशों ने एक के बाद एक करीब आधा दर्जन कारों पर पथराव कर दिया। हालांकि, पुलिस को मामले की जानकारी देर शाम को लगी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। चंदन नगर के राज नगर में पुलिस चौकी के पास कारों में पथराव की सूचना रविवार को पुलिस को मिली थी। पुलिस के मुताबिक, अभी करीब 3 कारों के कांच फोड़े जाने की जानकारी पुलिस को मिली है। बदमाशों ने अलग-अलग गलियों में यहां पथराव किया है। कुछ माह पूर्व यहां बदमाशों ने एक पार्षद सहित करीब 5 कारों के कांच फोड़े थे। इस मामले में छत्रीपुरा पुलिस ने चंदन नगर पुलिस को तीन आरोपियों की पहचान के बाद उन्हें पकड़कर सौंपा था। रविवार को दिनभर पुलिस मौके पर नहीं पहुंची।

जीतू पटवारी की फेसबुक पोस्ट के खिलाफ शिकायत

इंदौर। अखिल भारतीय आदर्श यादव महासमिति ने कांग्रेस नेता जीतू पटवारी की फेसबुक पोस्ट को लेकर रविवार दोपहर को पुलिस को पत्र सौंपा है। महासमिति ने पोस्ट में साझा किए गए वीडियो की साइबर और डिजिटल फोरेंसिक जांच कराने की मांग की है। समिति का कहना है कि वीडियो को इस तरह प्रस्तुत किया गया है कि उसका संबंध टीकमगढ़ के भाजपा नेता अभय यादव से स्थापित होता दिखाई देता है। महासमिति के मुताबिक, घटना के मूल वीडियो और उपलब्ध समाचार सामग्री में अभय यादव के नाम या संदर्भ का उल्लेख नहीं है। पत्र में वीडियो की जांच कर यह पता लगाने की मांग की गई है कि उसमें बाद में डिजिटल रूप से कोई सामग्री जोड़ी या बदली गई थी या नहीं। महासमिति ने मूल और प्रसारित वीडियो का फोरेंसिक मिलान कराने के साथ अक जनरेटेड सामग्री, डीपफेक, वॉयस या वीडियो मैनिपुलेशन और अन्य डिजिटल एडिटिंग की जांच की मांग की है। फेसबुक/मेटा से पोस्ट के तकनीकी रिकॉर्ड, अपलोड टाइम और उपलब्ध मेटाडाटा सुरक्षित कराने की भी मांग की गई है।

इंदौर में रिटायर्ड एसआई से 40 लाख की धोखाधड़ी

इंदौर। राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में सरकारी लोन दिलाने के नाम पर एक सेवानिवृत्त सब-इंस्पेक्टर के साथ लाखों रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोपी ने पीड़ित के बेटे के व्यापार के लिए लोन कराने का झांसा दिया और प्रक्रिया के नाम पर किस्तों में करीब 40 लाख रुपए ऐंठ लिए। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर हुई जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। राजेंद्र नगर पुलिस ने वीआईपी नगर निवासी 72 वर्षीय गोविंद सिंह तंवर की शिकायत पर आरोपी सरताज अहमद के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पीड़ित गोविंद सिंह तंवर पुलिस विभाग से रिटायर्ड सब-इंस्पेक्टर हैं।

अस्पताल, स्कूल-कॉलेज और यूनिवर्सिटी कैंपस शामिल, मरीजों-स्टूडेंट्स की सुविधा के लिए फैसला

इंदौर में 29 संवेदनशील जगहें शांत परिक्षेत्र घोषित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में कानून-व्यवस्था और शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी शिवम वर्मा ने जिले के 29 संवेदनशील स्थलों को शांत परिक्षेत्र घोषित किया है। इनमें प्रमुख अस्पताल, मेडिकल संस्थान, स्कूल-कॉलेज और अन्य महत्वपूर्ण स्थान शामिल हैं। इन क्षेत्रों में मरीजों, विद्यार्थियों और आम लोगों की सुविधा को देखते हुए शांत वातावरण बनाए रखने पर जोर रहेगा।

इन अस्पतालों को किया गया शामिल- शांत परिक्षेत्र की सूची में एमवाय अस्पताल, जिला अस्पताल धार रोड, बॉम्बे हॉस्पिटल विजय नगर, सीएचएल अस्पताल एमआईजी, भंडारी हॉस्पिटल विजय नगर, अरविंदो हॉस्पिटल सांवेर रोड, मानसिक चिकित्सालय बाणगंगा, चोइथराम अस्पताल, गोकुलदास अस्पताल, चाचा नेहरू एवं डेंटल अस्पताल, यूनिक सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, बीसीएम कोकिलाबेन हॉस्पिटल निपानिया, ईएसआईसी अस्पताल नंदानगर, एमटीएच हॉस्पिटल और अपोलो राजश्री हॉस्पिटल विजय नगर शामिल हैं। इसके अलावा जुपिटर हॉस्पिटल तीन इमली, सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल ढक्कनवाला कुआं, मेडिकेयर हॉस्पिटल और भगवती नर्सिंग होम तिलक नगर को भी शांत परिक्षेत्र में रखा गया है।



यूनिवर्सिटी कैंपस का क्षेत्र भी शामिल

खंडवा रोड पर भंवरकुआं से आईटी पार्क चौराहे तक का यूनिवर्सिटी कैंपस क्षेत्र भी इस सूची में शामिल किया गया है।

मरीजों और स्टूडेंट्स की सुविधा के लिए फैसला

प्रशासन के मुताबिक, इन स्थानों के आसपास शांत और व्यवस्थित वातावरण बनाए रखना जरूरी है। खासतौर पर अस्पतालों में मरीजों और स्कूल-कॉलेजों में विद्यार्थियों को शोर से परेशानी न हो, इसलिए इन क्षेत्रों को शांत परिक्षेत्र की सूची में शामिल किया गया है।

स्कूल-कॉलेज भी सूची में

शैक्षणिक संस्थानों में जीजामाता गर्ल्स कॉलेज, गोविंदराम सक्सेरिया इंजीनियरिंग कॉलेज, होलकर साइंस कॉलेज, सत्य साईं स्कूल विजय नगर, न्यू गर्ल्स डिग्री कॉलेज, गुजराती कॉलेज और क्रिश्चियन कॉलेज शामिल हैं। इसके अलावा तिलक नगर पब्लिक स्कूल, कृष्णा पब्लिक स्कूल और सरस्वती शिशु मंदिर तिलक नगर को भी शांत परिक्षेत्र घोषित किया गया है।

इंदौर में वायरल हुई फोटो से बेटों ने पहचाना; अशोकनगर से हुई थीं लापता

मां 3 साल बाद बेटों से मिलीं, भर आईं आंखें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

3 साल से जिस महिला को परिवार तलाश रहा था, उसका सुराग एक फोटो ने दे दिया। करीब 15 दिन से इंदौर के धरमपुरी क्षेत्र में भटक रही गुड़ियाबाई अपने घर का पूरा पता नहीं बता पा रही थीं।

बस इतना कहती थीं- नाम गुड़िया है और खजूरी जाना है। इसी अधूरी जानकारी को जोड़ते हुए जब उनकी फोटो सोशल मीडिया और व्हाट्सएप ग्रुपों में पहुंची तो इंदौर में रह रहे उनके दोनों बेटों तक खबर पहुंच गई।

दोनों बेटे रविवार को धरमपुरी पहुंचे और मां को पहचान लिया। मां-बेटों के इस मिलन का दृश्य बेहद भावुक था। लापता मां को सामने देखकर बेटों की आंखें नम हो गईं। गुड़ियाबाई ने भी शुरूआत में बड़े बेटे धर्मेंद्र ओझा को पहचान लिया।

इसके बाद वीडियो कॉल के जरिए परिवार के दूसरे सदस्यों से बात कराई गई। लंबे समय बाद अपनों की आवाज सुनकर गुड़ियाबाई के चेहरे पर भी खुशी नजर आई।

नाम मिला, लेकिन पता नहीं मिला- धरमपुरी में गुड़ियाबाई के बारे में जानकारी मिलने के बाद भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनोद चंदानी ने उनसे बातचीत कर परिवार तक पहुंचने की कोशिश शुरू की। चंदानी के मुताबिक महिला ने अपना नाम गुड़ियाबाई और स्थान खजूरी बताया। उन्हें पहले लगा कि यह इंदौर के आसपास का कोई खजूरी गांव होगा। वहां फोटो भेजकर जानकारी जुटाई गई, लेकिन परिवार का पता नहीं चला। पता चला कि अशोकनगर के पास खजूरी गांव है। फिर गुना निवासी उनके शिक्षक रहे श्यामबिहारी शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद भार्गव और जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट के निजी सुरक्षा अधिकारी गणेश जोशी से संपर्क किया गया। महिला की फोटो उन्हें भेजी गई। इसके बाद फोटो सोशल मीडिया और वाटसएप ग्रुपों में आगे बढ़ाई गई।

रात में मां को लेकर इंदौर पहुंचे- गुड़ियाबाई की पहचान और परिवार से संपर्क की पुष्टि होने के बाद विनोद चंदानी अपने वाहन से विनोद जायसवाल के साथ रात में उन्हें इंदौर लेकर पहुंचे। वहां दोनों बेटों और अन्य परिजनों ने मां का स्वागत किया। तीन साल बाद घर लौटी मां को सकुशल देखकर परिवार में खुशी का माहौल था। चंदानी ने बताया कि गुड़ियाबाई करीब 15 दिन से धरमपुरी में थीं। एक-दो दिन उनसे संपर्क और बातचीत कर परिवार के बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया गया। उन्होंने जो नाम और पता बताया, उसी के आधार पर तलाश शुरू हुई। बाद में सही खजूरी गांव की जानकारी मिली और सोशल मीडिया के जरिए संदेश परिवार तक पहुंच सका।



फोटो देखते ही बेटे को हुआ मां का शक

महिला के बेटे काम के सिलसिले में इंदौर के गौरी नगर में रहते हैं। दोनों ने फोटो देखी तो उन्हें अपनी मां होने का शक हुआ और वे धरमपुरी पहुंच गए। सामने पहुंचने पर उन्होंने महिला को पहचान लिया। बेटों ने बताया कि उनकी मां करीब तीन साल पहले घर से लापता हो गई थीं। परिवार ने उन्हें कई जगह तलाश किया। रिश्तेदारों से लेकर संभावित ठिकानों तक खोजबीन की गई और संबंधित थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी। इतने लंबे समय बाद मां के मिलने की उम्मीद परिवार ने लगभग छोड़ दी थी।

अंतरिक्ष में 'मीरा' का परचम

इंदौर-उज्जैन के युवा का बनाया कैमरा स्पेसएक्स रॉकेट से लॉन्च

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

उज्जैन के इंजीनियर पुनीत बदेका का बनाया 502 ग्राम का ह्यमीराह्व कैमरा स्पेसएक्स के ट्रांसपोर्टर-18 मिशन के साथ अंतरिक्ष पहुंच गया है। भारतीय समय अनुसार 2 अक्टूबर रात 12.02 बजे इसे अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित वैंडेनबर्ग स्पेस फोर्स बेस से फाल्कन-9 रॉकेट से भेजा गया।

पुनीत के मुताबिक, यह विदेशी अंतरिक्ष कैमरों से 8 से 12 गुना हल्का है। मीरा को जनवरी में इसरो के पीएसएलवी-सी62 रॉकेट से अंतरिक्ष भेजा जाना था। तकनीकी गड़बड़ी के कारण वह तय कक्षा में नहीं पहुंच सका था। भारत को अपनी ऑप्टिक्स टेक्नोलॉजी की जरूरतः पुनीत ने बताया कि भारत इस तरह की टेक्नोलॉजी में कमी महसूस करता रहा है। उनके मुताबिक, भारत करीब 11 बिलियन डॉलर की ऑप्टिक्स आयात कर रहा है। इस टेक्नोलॉजी पर सात साल काम करने के बाद यह कमी स्पष्ट हुई। भारत कई मामलों में डेटा प्राप्त करने के लिए विदेशी सैटेलाइटों पर निर्भर है। इससे यह अनिश्चितता बनी रहती है कि डेटा रियल टाइम में मिल रहा है या नहीं। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार की ओर से अंतरिक्ष क्षेत्र में निजीकरण को बढ़ावा दिए जाने के बाद स्पेस सैटेलाइट का क्षेत्र भी निजी कंपनियों के लिए खुल रहा था। इसी से इस टेक्नोलॉजी पर काम करने का विचार आया। पुनीत को उम्मीद है कि इस कैमरे से पहली तस्वीरें 10 अक्टूबर को मिल सकती हैं।

तकनीक को पेटेंट भी मिलाः पुनीत उज्जैन से इंजीनियरिंग की डिग्री लेने के बाद इंदौर के एसजीएसआईटीएस से मास्टर्स कर चुके हैं। उन्होंने बिहार के संजय कुमार और मनोज कुमार गड्डम के साथ 2022 में ईओएन स्पेस लैब्स स्टार्टअप शुरू किया था। करीब एक साल में तैयार हुए इस कैमरे को हल्का बनाने के लिए अल्ट्रा प्रिसिजन मैन्युफैक्चरिंग मशीनों का इस्तेमाल किया। पुनीत के मुताबिक, इसकी तकनीक के लिए पेटेंट भी मिल चुका है।

हादसे के 4 साल बाद मिलेगा मुआवजा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

देवास जिले के चापड़ा-अमरपुरा के पास 4 साल पहले हुए सड़क हादसे ने गर्ग परिवार की जिंदगी बदल दी। हादसे में परिवार के इकलौते बेटे पीयूष गर्ग की मौत हो गई, जबकि उनके पिता सुरेश चंद्र गर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। लंबे समय तक कोमा में रहने के बाद उनकी मानसिक स्थिति ऐसी हो गई कि अब वे अपनी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी दूसरों पर निर्भर हैं। 13 मार्च 2022 को पीयूष और उनके पिता कार से इंदौर आ रहे थे। चापड़ा-अमरपुरा के पास तेज रफ्तार डंपर ने उनकी कार को टक्कर मार दी। हादसे में पीयूष को गंभीर चोटें आईं। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सुरेश चंद्र को भी सिर समेत शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। उन्हें इलाज के लिए इंदौर के बॉम्बे हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। वे अलग-अलग अवधि में लंबे समय तक अस्पताल में रहे। हादसे के बाद सुरेश चंद्र की कार्यक्षमता पर गंभीर असर पड़ा। कोर्ट में पेश रिकॉर्ड के अनुसार, कोमा से बाहर आने के बाद वे अपनी सुध-बुध खो बैठे और अब उन्हें दिनभर देखभाल की जरूरत रहती है। करीब 4 साल चली सुनवाई के बाद इंदौर जिला एवं सत्र न्यायालय ने 28 सितंबर को दोनों मामलों में कुल 1.76 करोड़ रुपए का मूल मुआवजा तय किया। इस पर 9 सितंबर 2022 से भुगतान की तारीख तक 6% सालाना ब्याज भी देना होगा। ब्याज सहित यह राशि करीब 2.25 करोड़ रुपए हो जाती है।

20 साल की पोती ने दादा पर बैट से किए ताबड़तोड़ वार, मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

एरोड्रम क्षेत्र में 75 वर्षीय दादा की पोती ने क्रिकेट बैट से पीटकर हत्या कर दी। 20 वर्षीय पोती शनिवार रात करीब 3 बजे बुलेट से स्कीम नंबर 51 स्थित दादा-दादी के घर पहुंची थी। उसके हाथ में क्रिकेट बैट था।

दादी के दरवाजा खोलने के बाद वह सीधे कमरे में गई और दादा के सिर व मुंह पर बैट से 7-8 वार कर दिए। दादा लहूलुहान हो गए। दादी ने शोर मचाकर पड़ोसियों को बुलाया। घायल को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

एसीपी अशोक सिंह जादौन के मुताबिक, दादी की शिकायत पर पोती के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। मृतक एसएएफ से रिटायर्ड थे। आरोपी पोती कॉलेज में पढ़ती है।

बोली- दादा ने घर में गलत किया, तब चुप क्यों रहे

आरोपी पोती ने पुलिस को बताया कि घटना वाली रात वह देर से घर पहुंची थी। इस पर माता-पिता ने कहा था- ह्वदेर रात तक घूमती रहती है, तेरे साथ कुछ गलत न हो जाए।ह्व इस पर युवती ने कहा कि जब दादा ने घर में ही उसके साथ गलत किया था, तब माता-पिता ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसी बात को लेकर उसका माता-पिता से झगड़ा हुआ था। पिता ने भी पुलिस को देर रात घर आने पर विवाद होने की बात बताई है।

बच्चों की बात को अनसुना न करें

इस तरह के मामले चाइल्ड एब्यूज के अंतर्गत आते हैं। यह केवल लड़कियों के साथ नहीं, लड़कों के साथ भी हो सकता है। मानसिक स्तर पर असर पड़ता है। आत्मविश्वास कम होना, अपनी बात किसी को नहीं बता पाना, अत्यधिक गुस्सा जैसी स्थितियां बन सकती हैं। इसका असर एक उम्र तक नहीं रहता, बल्कि उम्र के साथ बढ़ सकता है। माता-पिता को पनिश प्राइवेटली, रिवार्ड पब्लिकली की पद्धति अपनानी चाहिए। बच्चे कुछ बताएं तो उनकी बात अनसुनी नहीं करनी चाहिए। गलती पर सबके सामने डांटने के बजाय अच्छे काम पर सार्वजनिक रूप से उत्साहवर्धन करना चाहिए। बच्चे को डांटते समय उसे सेक्सुअल एब्यूज की घटना याद नहीं दिलानी चाहिए। माता-पिता को बच्चों के मानसिक विकास और आत्मविश्वास बढ़ाने पर काम करना चाहिए।

विवाद के बाद सोई, फिर दादा के घर पहुंची प्रारंभिक जांच में सामने आया कि माता-पिता से विवाद के बाद मामला शांत हो गया था और युवती सो गई थी। कुछ देर बाद वह अचानक उठी, क्रिकेट बैट लिया और बुलेट से दादा के घर पहुंच गई। दादी के दरवाजा खोलने के बाद वह कमरे में गई और दादा पर बैट से वार कर दिए।

पूछताछ में आरोपी पोती ने पुलिस को बताया कि जब वह नाबालिग थी, तब वह छोटी बहन, मम्मी और पापा के साथ दादा-दादी के घर में रहती थी। उसका आरोप है कि दादा उस पर बुरी नीयत रखते थे और कई बार उसके साथ गलत हरकत कर चुके थे। उसने इसकी शिकायत माता-पिता से की थी। इसके बाद माता-पिता ने अलग घर ले लिया था और परिवार वहां रहने लगा था।

भागीरथपुरा दूषित पानी कांड- आज हाईकोर्ट में सुनवाई

600 पेजों की जांच रिपोर्ट पर होगी बहस, जिम्मेदारों पर कार्रवाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

नइंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई 36 लोगों की मौत के मामले पर सोमवार को हाई कोर्ट की इंदौर बेंच में सुनवाई होगी। मामले से जुड़ी 7 जनहित याचिकाओं पर होने वाली सुनवाई में एक सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग की अंतिम रिपोर्ट अहम रहेगी। करीब 600 पन्नों की जांच रिपोर्ट हाई कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड की जा चुकी है। अब याचिकाकर्ताओं और अन्य पक्षों ने रिपोर्ट का अध्ययन कर अपनी दलीलों की तैयारी की है।

सुनवाई के दौरान जांच आयोग की रिपोर्ट में सामने आई तकनीकी और प्रशासनिक लापरवाहियों पर पक्षकार अपनी बात रख सकते हैं। रिपोर्ट में पाइपलाइन व्यवस्था, मेंटेनेंस, मॉनिटरिंग और क्षतिग्रस्त पाइपलाइन बदलने में हुई देरी सहित कई स्तरों पर जिम्मेदारी तय किए जाने की बात सामने आई है। कोर्ट के सामने यह सवाल भी उठ सकता है कि रिपोर्ट में सामने आई जिम्मेदारियों के आधार पर संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई और आगे क्या कदम उठाए जाएंगे।

सुनवाई में हादसे में जान गंवाने वाले 36 लोगों के परिवारों और दूषित पानी से प्रभावित होकर बीमार हुए लोगों के मुआवजे का मुद्दा भी महत्वपूर्ण रहेगा। पीड़ित परिवारों की ओर से मुआवजा बढ़ाने और राहत के संबंध में मांगें रखे जाने की संभावना है।



नगर निगम और प्रशासन की जवाबदेही

जांच रिपोर्ट में घटना को किसी एक दिन की चूक के बजाय लंबे समय से चली आ रही तकनीकी और प्रशासनिक कमियों का परिणाम बताया गया है। ऐसे में सुनवाई के दौरान नगर निगम और जिला प्रशासन की जवाबदेही भी प्रमुख मुद्दा रह सकती है।

रिपोर्ट पर अब कोर्ट का रुख महत्वपूर्ण

एक सदस्यीय आयोग की रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद यह पहली महत्वपूर्ण सुनवाई है, जिसमें पक्षकार रिपोर्ट के निष्कर्षों के आधार पर अपनी दलीलें रखेंगे। ऐसे में सबकी नजर इस बात पर रहेगी कि हाई कोर्ट रिपोर्ट में सामने आई लापरवाहियों और जिम्मेदारियों को लेकर क्या रुख अपनाता है और सरकार से आगे की कार्रवाई को लेकर क्या जवाब मांगता है।

खबर एक नजर...

मोमोज वाले ने छात्र के मुंह पर खौलता तेल फेंका

ग्वालियर। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में रविवार शाम 20 रुपए के 7 मोमोज देने पर विवाद हो गया। ठेले वाले ने 18 साल के छात्र पर कढ़ाई का खौलता तेल फेंक दिया। गर्म तेल से छात्र का चेहरा और कान बुरी तरह झुलस गए। घटना पुरानी रेशम मिल चौराहे की है। छात्र दो दोस्तों के साथ मोमोज खाने पहुंचा था। झुलसी हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज चल रहा है। हजीरा पुलिस ने ठेला संचालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। न्यू रेशम मिल के प्रगति नगर निवासी 18 वर्षीय शिवा उर्फ चेतन भदौरिया छात्र है। रविवार शाम वह दोस्त गोलू खान और विकास राजपूत के साथ जिम जाने के लिए घर से निकला था। रास्ते में तीनों पुरानी रेशम मिल चौराहे पर स्थित अंकित मोमोज के ठेले पर रुके। शिवा ने 20 रुपए के मोमोज खरीदे। प्लेट में मात्रा कम लगी तो उसने ठेले वाले अंकित से पूछा कि इतने कम मोमोज क्यों दिए गए। आरोप है कि मोमोज की मात्रा को लेकर सवाल करने पर अंकित नाराज हो गया। शिवा से गाली-गलौज करने लगा। शिवा ने विरोध किया तो विवाद बढ़ गया। इसके बाद आरोपी ने शिवा के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की। इसी दौरान अंकित ने कढ़ाई में रखा खौलता हुआ तेल उठाकर छात्र पर फेंक दिया। घटना के समय शिवा के दोनों दोस्त मौके पर मौजूद थे। उसके पिता ने भी उसे संभाला। इसके बाद उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज जारी है।

4 विदेशी लड़कियों की तस्करी, ट्रेन में पकड़ाया मास्टरमाइंड

ग्वालियर। ग्वालियर जीआरपीएफ ने रविवार को अलीगढ़ में किराए के मकान पर छापा मारकर म्यांमार की 4 विदेशी लड़कियों को रेस्क्यू किया। इनमें 2 नाबालिग हैं। ट्रेन में पकड़े गए मुबीन (25) को पुलिस इस मामले का मास्टरमाइंड बता रही है। उसका साथी मोहम्मद हसन (35) भी पकड़ा गया है। शुरूआती जांच में सामने आया कि लड़कियों को बांग्लादेश के कुतुपालोंग रिफ्यूजी कैंप से नदी-पहाड़ पार कर भारत लाया गया था। उन्हें शादी के लिए जम्मू-श्रीनगर ले जाने की तैयारी थी। मुबीन स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस में पकड़ा गया था, जिसकी निशानदेही पर पुलिस अलीगढ़ के ठिकाने तक पहुंची। शनिवार को भोपाल कंट्रोल रूम से सूचना मिली थी कि ट्रेन नंबर 12643 स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस के जनरल कोच में म्यांमार का एक व्यक्ति संदिग्ध तरीके से सफर कर रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दीपशिखा सिंह तोमर ने टीम के साथ ट्रेन की जांच की। जनरल कोच में पुलिस ने मुबीन (25) को पकड़ लिया। वह म्यांमार का रहने वाला है और फिलहाल हैदराबाद में रह रहा था। जांच के दौरान उसके साथ कोई लड़की नहीं मिली। पूछताछ में मुबीन ने अपने साथी मोहम्मद हसन (35) के बारे में जानकारी दी। हसन भी म्यांमार का रहने वाला है और अलीगढ़ में किराए के मकान में रह रहा था। मुबीन से मिली जानकारी के आधार पर जीआरपीएफ की टीम अलीगढ़ पहुंची। यहां बताए गए ठिकाने पर छापा मारकर पुलिस ने हसन को पकड़ा और चार लड़कियों को रेस्क्यू किया। इनमें दो नाबालिग हैं।

गुना में नहीं थम रहे बाल विवाहःहर चौथी युवती का 18 से पहले विवाह

गुना। गुना में कम उम्र में शादी की परंपरा कानून और जागरूकता के बावजूद खत्म नहीं हुई है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे-6 के आंकड़े बताते हैं कि 20 से 24 वर्ष की उम्र की हर चार में करीब एक युवती का विवाह 18 साल की कानूनी उम्र से पहले हो चुका था। जिले में इसका अनुपात 25.9% है। पांच साल पहले हुए राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे-5 में यह 28.1% था, यानी कमी तो आई, लेकिन राज्य के 20% औसत से गुना अभी भी काफी ऊपर है। इससे भी ज्यादा चौंकाने वाली तस्वीर पुरुषों के आंकड़े में सामने आई है 25 से 29 वर्ष की उम्र के 39% पुरुषों की शादी 21 साल की कानूनी उम्र पूरी होने से पहले हुई। इसके पहले के सर्वे में यह अनुपात 21.8% था। यानी पांच साल में कम उम्र में शादी करने वाले पुरुषों का अनुपात 17.2% अंक बढ़ गया। राज्य का औसत 25% है 5 साल में 21.8% से 39% : बाल विवाह की चर्चा में आमतौर पर लड़कियों के आंकड़ों पर फोकस रहता है, लेकिन गुना में पुरुषों का आंकड़ा ज्यादा बड़ा सवाल खड़ा करता है। 25-29 वर्ष के 39% पुरुषों की शादी 21 साल से पहले हुई।

बड़वानी में 12 से 18 अक्टूबर तक ओपन गरबा महोत्सव

बड़वानी। बड़वानी के राजघाट रोड स्थित साखी रिजॉर्ट में रविवार रात रास रंग ओपन गरबा मंडल की बैठक हुई। इसमें नवरात्रि के दौरान होने वाले सात दिवसीय गरबा महोत्सव की तैयारियों और व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। मंडल के अध्यक्ष प्रमेश यादव ने बताया कि रास रंग गरबा मंडल करीब 20 वर्षों से गरबा आयोजन की परंपरा को आगे बढ़ा रहा है। पिछले चार साल से ओपन गरबा आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष सात दिवसीय ओपन गरबा महोत्सव 12 से 18 अक्टूबर तक राजघाट रोड स्थित साखी रिजॉर्ट गार्डन में आयोजित होगा। आयोजन में गुजराती डांडिया और गरबा प्रमुख आकर्षण रहेंगे। गुजराती गायक और कलाकारों की प्रस्तुतियां भी होंगी। आयोजन स्थल पर आकर्षक लाइटिंग और अन्य व्यवस्थाओं को बेहतर किया जा रहा है।

रतलाम में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर दिखी बड़ी दरार, 30 फीट नीचे अंडरपास

3 साल में ही दरकने लगा 8-लेन सुपर एक्सप्रेस-वे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम





तीन साल पहले करोड़ों की लागत से बने रतलाम से गुजर रहे दिल्ली-मुंबई 8-लेन एक्सप्रेस-वे पर नई दिल्ली की ओर जाने वाली लेन पर दरार (क्रैक) आ गई है। जिस जगह सड़क पर दरार आई है, वह हिस्सा शिवगढ़ के पास स्थित एक अंडरपास का है। समय रहते दरार का पता चल गया, वरना बड़े वाहनों के गुजरने पर बड़ा हादसा हो सकता था। एनएचएआई (ठलअक) ने ट्रैफिक को डायवर्ट कर मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया है।

जानकारी के अनुसार जिस जगह क्रैक आया है, वह हिस्सा अंडरपास पुल का है, जिसके नीचे करीब 30 फीट गहराई है। जिस जगह दरार देखी गई, उसके आसपास के हिस्से की रोड को भी ऊपर से तोड़कर जांचा गया है। दरार वाले स्थान के आसपास करीब 2 बाय 2 फीट की जगह को खोदकर एनएचएआई ने सुधार कार्य शुरू कर दिया है।

जिस स्थान पर दरार आई है, उसे पूरा खोदा गया है और नए सिरे से उसकी मरम्मत की जाएगी। मौके पर रोड मेंटेनेंस कंपनी के अधिकारी मौजूद रहे। प्रभावित हिस्से के आसपास सुरक्षा के लिए ग्रीन नेट (जाली) लगा दी गई है और वाहनों को पास की लेन से डायवर्ट किया गया है।

सूचना मिलने पर दैनिक भास्कर डिजिटल की टीम मौके पर पहुंची। एनएचएआई के अधिकारी तो मौके पर नहीं मिले, लेकिन रोड मेंटेनेंस टीम व ठेकेदार (कॉन्ट्रेक्टर) मौजूद थे। उनका कहना था कि हल्का क्रैक दिखने पर मेंटेनेंस कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में 8-लेन पर अधिक ट्रैफिक नहीं है, लेकिन आगामी समय में किसी प्रकार की दिक्कत न आए, इसे लेकर आसपास के हिस्से को सुधारा जा रहा है। नई दिल्ली जाने वाली 4-लेन में से दूसरी लेन पर यह दरार आई है। सुरक्षा के तौर पर एनएचएआई ने पहली और दूसरी लेन के उस हिस्से को कुछ मीटर तक बंद कर दिया है। तीसरी व चौथी लेन से वाहनों को निकाला जा रहा है। रोड की मरम्मत के करीब 15 दिन बाद ही इस स्थान से वाहन निकल पाएंगे, या इससे भी अधिक समय लग सकता है। प्रोजेक्ट मैनेजर देवेंद्र चापेकर ने बताया कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के एक प्रमुख पुल पर मरम्मत का काम नियमित रखरखाव के तहत किया जा रहा है। पोस्ट-मानसून निरीक्षण के दौरान ब्रिज डेक स्लैब के करीब 2 वर्गमीटर हिस्से में मामूली खराबी मिली थी। दोष को शुरूआती स्तर पर ही ठीक करने के लिए तुरंत मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया। फिलहाल यातायात कम होने के कारण काम सुरक्षित तरीके से किया जा रहा है।

अमरकंटक में 16 डिग्री, इंदौर में 18 डिग्री से नीचे तापमानः मध्यप्रदेश में 7-8 अक्टूबर को बारिश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश में मानसून की विदाई के बाद दिन में गर्मी और रात में ठंडक बढ़ गई है। पिछली 3 रातों में न्यूनतम तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आई है। यह अनूपपुर के अमरकंटक में 16त और इंदौर में 18 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। वहीं, भोपाल, उज्जैन-पचमढ़ी में भी पारा लुढ़का है। हालांकि, दिन में तीखी धूप खिली है। इससे उमस और गर्मी महसूस हो रही है।

मौसम विशेषज्ञ शैलेंद्र कुमार नायक ने कहा- पिछले 10 साल के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो अक्टूबर में बारिश, गर्मी और ठंड का ट्रेंड है। इस बार भी ऐसा ही होने का अनुमान है। अक्टूबर की शुरूआत में ही मौसम साफ हो गया और धूप खिल गई। वहीं, रात में सर्दी बढ़ी है। मौसम विभाग ने 7 और 8 अक्टूबर को प्रदेश के पूर्वी हिस्से में गरज-चमक, आंधी के साथ हल्की बारिश होने का अनुमान जारी किया है। छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, मैहर, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला और बालाघाट में बारिश का अलर्ट है। मौसम विभाग की मानें तो अगले 2 दिन यानी 5 और 6 अक्टूबर को प्रदेश में कहीं भी बारिश होने का अनुमान नहीं है। दिन में धूप खिली रहेगी। इस बार मध्य प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून 100 दिन सक्रिय रहा। 24 जून को यह एंटर हुआ था और 3 अक्टूबर को पूरे प्रदेश से विदाई ले ली। मानसून के दौरान प्रदेश में कुल 908.4 मिमी यानी, 35.8 इंच (95.9 प्रतिशत) बारिश हुई। यह सामान्य बारिश 37.3 इंच (949.5 मिमी) की तुलना में 1.5 इंच कम है।

महाकाल मंदिर प्रबंध समिति की सराहनीय पहल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

यदि शहरवासी चेन की नींद सो रहे हैं और शहर मे अमन व शांति है तो इसके लिए पुलिस व सुरक्षाबल के अधिकारी व जवान बधाई के पात्र हैं। रात की नींद का त्याग करके ये सुरक्षाकर्मी घंटो मुस्तैदी से ड्यूटी दे रहे हैं। रात मे कुछ मौके पर,तो



पेयजल भी नहीं पी पा रहे जब पाइंट पर अलर्ट मोड पर होना होता है। इनकी परेशानी को समझते हुए ही महाकाल मंदिर प्रबंध समिति द्वारा सुबह सेड्यूटीरत जवानों को नाश्ता उपलब्ध कराया जा रहे है जो सराहनीय है। प्रबंध समिति की वेन सुबह से ही इस कार्य मे जुट जाती है। आज सुबह वेन गोपाल मंदिर, पटनीबाजार, गुदरी आदि क्षेत्रों मे पोहे वितरित करती नजर आई। सुरक्षाबल के जवान भी नाश्ता पाकर संतुष्ट दिखे।



सामान के साथ पैदल चलने की जद्दोजहद

शहर के हालातों की मार बाहर से आए पर्यटकों व तीर्थयात्रियों को भी झेलना पड रही है। शहर के अंदरूनी हिस्सों मे आवागमन के साधन उपलब्ध न होने की दशा मे यात्रियों को मय सामान व छोटे बच्चों के साथ पैदल ही चलना पड रहा है। छोटा सराफा, भागसीपुरा, बंसफोड गली , नमकमंडी, नईपेठ, मगरमुहा, लखेरवाडी आदि क्षेत्रों मे सुबह पब्लिक वाहन आटोरिक्षा, ई- रिक्शा आदि न होने पर यात्री लगेज व बच्चों के साथ पैदल ही मुख्य सडकों पर जाते नजर आए। इस दौरान छोटे बच्चों वाले,यात्रियों को ज्यादा असुविधा हुई।

जनजातीय समाज के विकास और स्वरोजगार से जोड़ने पर मंथन

विश्व मांगल्य सभा की राज्य स्तरीय बैठक संपन्न, 20 जिलों के 50 प्रमुख कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

विश्व मांगल्य सभा के जनजाति कल्याण विभाग की मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय दो दिवसीय बैठक सम्राट विक्रमादित्य भवन में संपन्न हुई। जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस बैठक में मालवा, मध्य भारत और महाकौशल प्रांत के 20 जिलों से आए करीब 50 प्रमुख कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की और संगठनात्मक विस्तार पर मंथन किया।

बैठक में केंद्रीय परामर्शदाता प्रशांत हरताळकर, अखिल भारतीय संयोजिका मंजुषा लोळे और अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख पूजा पाठक ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। इस दौरान जनजातीय क्षेत्रों के भौगोलिक अध्ययन, संगठन के विस्तार, धार्मिक व सांस्कृतिक गतिविधियों सहित स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवार और संस्कारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

आयोजन में महिलाओं द्वारा पारंपरिक कला और स्वरोजगार के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयास विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। बामोर की पूनम कोली व सीमा रजक की हथकरघा परंपरा से जुड़ी कला, बदरवास की राजकुमारी द्वारा जैकेट निर्माण और वंदना शिवहरे की मांडणा कला ने सभी उपस्थित कार्यकताओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया।

बैठक के समापन पर सभी कार्यकताओं ने भगवान महाकाल के दर्शन किए और जनजातीय समाज की सेवा व संगठन के कार्यों को सुदृढ़ करने का संकल्प लिया। आयोजन को सफल बनाने में मालवा प्रांत उपाध्यक्ष सुनीता पाटील और उज्जैन की स्थानीय टीम का विशेष सहयोग रहा। अंत में सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए बैठक का समापन किया गया।

चीन के व्यापार मेले में गूंजेगा उज्जैन का नाम, विक्रम विवि के राजवर्धन चयनित

इनोवेटिव पैकेजिंग टेक्नोलॉजी के लिए मिला इंटरनेशनल इंडस्ट्रियल टूर का सरकारी नॉमिनेशन, 13 अक्टूबर से शुरू होगा कैंटन फेयर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के एमएससी बायोटेक्नोलॉजी के छात्र राजवर्धन सिंह पंवार का चयन चीन में होने वाले दुनिया के प्रतिष्ठित व्यापार मेले 'कैंटन फेयर' और इंटरनेशनल इंडस्ट्रियल स्टडी टूर के लिए हुआ है। राजवर्धन को यह सरकारी नॉमिनेशन उनके इनोवेटिव पैकेजिंग टेक्नोलॉजी प्रस्ताव के आधार पर एक प्रतिस्पर्धी पहल के तहत मिला है। चीन के ग्वांगझू में 13 अक्टूबर से शुरू होने वाले इस मेले में वे पैकेजिंग तकनीक की आधुनिक प्रणालियों का अध्ययन करेंगे। राजवर्धन का यह प्रोजेक्ट एक विशेष 'माइक्रो-पैकेजिंग फॉर्मेट' पर आधारित है। इसे मुख्य रूप से मेडिकल और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में दवाओं या तरल पदार्थों को सुरक्षित और संक्रमण-मुक्त तरीके से वितरित करने के लिए तैयार किया गया है। कैंटन फेयर दुनिया के सबसे बड़े ट्रेड और इनोवेशन प्लेटफॉर्म्स में गिना जाता है, जिसमें 30 हजार से अधिक निमार्ता और 2 लाख से ज्यादा ग्लोबल लीडर्स हिस्सा लेते हैं। इस दौरे के दौरान राजवर्धन चीन के प्रमुख प्रोडक्शन प्लांट्स और ऑटोमेटेड असेंबली यूनिट्स का बारीकी से अध्ययन करेंगे।

विश्वविद्यालय में एमएसएमई विभाग के सहयोग से स्थापित एमएसएमई इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन सेंटर (एमआईआईसी) के जरिए छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिल रहा है। इससे पूर्व मणिपाल विश्वविद्यालय जयपुर में आयोजित स्टार्टअप हैकथॉन में भी विक्रम विवि के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार जीता था।

छात्र की इस अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि पर कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज और कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने राजवर्धन सिंह और पूरी टीम को बधाई दी है।

उज्जैन की ज्योतिषाचार्य अर्चना सरमंडल 'राष्ट्र गौरव ज्योतिष सम्मान 2026' से सम्मानित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर की बगलामुखी साधिका एवं ज्योतिषाचार्य अर्चना सरमंडल को 3 और 4 अक्टूबर 2026 को भोपाल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष समागम एवं दैवज्ञ सम्मान समारोह में 'राष्ट्र गौरव ज्योतिष सम्मान 2026' से सम्मानित किया गया है। जीवन रेखा ज्योतिष शोध केंद्र द्वारा भोपाल के मालवीय नगर स्थित रत्नवाला में आयोजित इस दो दिवसीय समारोह में उन्हें अति विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित कर यह अलंकरण प्रदान किया गया। ज्योतिषाचार्य अर्चना को यह प्रतिष्ठित सम्मान ज्योतिष, वास्तु, तंत्र, कर्मकांड, रेकी, टैरो कार्ड, हस्तरेखा एवं अध्यात्म के क्षेत्र में उनके विशेष योगदान के लिए दिया गया है।

झीलों की राजधानी भोपाल में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में पूरे हिंदुस्तान से लगभग 200 प्रख्यात विद्वानों को आमंत्रित किया गया था। इनमें मुख्य रूप से अंक शास्त्र, हस्तरेखा, तंत्र-मंत्र ज्ञान, टैरो रीडिंग और हीलिंग विद्या के विशेषज्ञ शामिल हुए। समारोह के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों से आए इन सभी विद्वानों को उनकी अपनी-अपनी विधा और विशेषज्ञता के आधार पर सम्मानित किया गया। संस्था के संस्थापक और राजज्योतिषी पं. कृपाराम उपाध्याय द्वारा आयोजित इस गरिमामय समारोह में अर्चना सरमंडल ने उज्जैन का

मीणा समाज ने लगाया स्वास्थ्य शिविर, जय मिनेश ब्लड बैंक की रखी आधारशिला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश मीणा समाज सेवा संगठन उज्जैन द्वारा अमलतास हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर देवास के सहयोग से रविवार 4 अक्टूबर को अंकपात मार्ग स्थित रूप गार्डन परिसर जाट धर्मशाला चौराहा पर निःशुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में समाज के 100 से अधिक महिला, पुरुषों एवं बच्चों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर चिकित्सा परामर्श का लाभ लिया। इसी अवसर पर उज्जैन में जय मिनेश ब्लड बैंक स्थापना की आधारशिला भी रखी गई। शिविर का शुभारंभ मिनेश भगवान के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नगर निगम सभापति सोनू गहलोत, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी, वरिष्ठ समाजसेवी रतन सिंह चांदा, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के नगर अध्यक्ष जितेंद्र भाटी, इंदिरा नगर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आनंद मीणा और जीवाजीगंज के पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकुमार घावरी उपस्थित रहे। संगठन के जिला अध्यक्ष योगेश मीणा एवं युवा अध्यक्ष आशुतोष मीणा ने बताया कि शिविर में अमलतास अस्पताल के ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. पुनीत बग्गावा, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. रजत मुजाल्दा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शमिष्ठी और नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. निमिषा श्रीवास्तव ने मरीजों को परामर्श दिया। इस दौरान मरीजों की शुगर, ब्लड, बीपी और आंखों की निःशुल्क जांच की गई। स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सिंग स्टाफ सचिन, नैना, शिवपाल तथा मार्केटिंग टीम से मुकेश, रोहित व प्रियंका ने भी सहयोग प्रदान किया। शिविर को सफल बनाने में सत्यनारायण मीणा, बालमुकुंद मीणा, राजेश मीणा, कमल सिंह मीणा, सतीश मीणा चांदा, और राहुल चांदा की सक्रिय भूमिका रही।

'जय श्री महाकाल रन' में दौड़े 1100 से अधिक प्रतिभागी

भोपाल रनर्स समिति का आयोजन, 21 किलोमीटर हाफ मैराथन में उदय प्रताप सिंह और भगवती दांगी विजेता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन





बेहतर स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, अंगदान जागरूकता और नशामुक्ति का संदेश देने के उद्देश्य से रविवार सुबह महानंदा खेल प्रांगण में ₹जय श्री महाकाल रन उज्जैन ₹ 2026 का आयोजन किया गया। भोपाल रनर्स समिति द्वारा आयोजित इस पहले संस्करण में 1100 से अधिक धावकों और खेल प्रेमियों ने 21.1, 10 और 5 किलोमीटर की दौड़ में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। यह आयोजन सुबह 5 बजे से 9 बजे तक चला।

कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष कलावती यादव मुख्य अतिथि और मप्र राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सनव्वर पटैल विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने धावकों को प्रोत्साहित किया और भविष्य में ऐसे आयोजन करने का संकल्प दिलाया। दौड़ से पूर्व महानंदा खेल प्रांगण में जुम्बा और फ्लैग ऑफ समारोह हुआ।

आयोजन में तीन श्रेणियों में दौड़ हुई। 21.1 किलोमीटर की हाफ मैराथन सुबह 6 बजे शुरू हुई, जो महानंदा प्रांगण से देवास-उज्जैन रोड, तीन बत्ती चौराहा, क्लॉक टावर, कलेक्ट्रेट होते हुए इंजीनियरिंग कॉलेज से यू-टर्न लेकर वापस लौटी। 10 किलोमीटर की दौड़ सुबह 6.30 बजे शुरू होकर पाइप फैक्ट्री से वापस लौटी, जबकि 5 किलोमीटर की फन रन सुबह 6.45 बजे शुरू होकर फ्रीगंज और माधव साइंस कॉलेज के सामने से लौटकर प्रांगण पर समाप्त हुई। धावकों के लिए मार्ग में एनर्जी ड्रिंक्स, फल और पानी के स्टॉल लगाए गए थे।

21 किलोमीटर ओपन कैटेगरी पुरुष वर्ग में उदय प्रताप सिंह तोमर ने 1 घंटे 10 मिनट 12 सेकंड में दौड़ पूरी कर पहला स्थान और 15 हजार रुपये का पुरस्कार जीता। मोहित कुमार दूसरे और पंकज पटेल तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में भगवती दांगी ने 1 घंटे 29 मिनट 58 सेकंड के साथ प्रथम स्थान और 15 हजार रुपये जीते, जबकि सरोज मीणा दूसरे स्थान पर रहीं। 10 किलोमीटर और आयु वर्ग के पुरस्कारों की घोषणा बाद में की जाएगी।

इससे पूर्व शनिवार को महानंदा एरीना कॉम्प्लेक्स में एक्सपो का आयोजन कर प्रतिभागियों को टी-शर्ट, बिब और मार्गदर्शिका वितरित की गई थी। कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों और प्रतिभागियों को मंच से सफाई एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। आयोजन में जिला प्रशासन उज्जैन, जिला खेल अधिकारी और नगर निगम का सहयोग रहा। इसके अलावा इंदौर सुपर चार्जर्स मैराथनर्स के सचिव डॉ सुभाष मसीह, फीमेल फेस एंड रिप्रेजेंटेटिव रूचि मसीह, वीएस एकेडमी के विक्रमादित्य बैडमिंटन कोच योगेश वन्देवार, रनिंग एवं स्पोर्ट्स कोच अब्दुल वहाब सहित डॉ कात्यायन मिश्रा, डॉ महेन्द्र पाटीदार, डॉ देवेश मिश्रा और भोपाल रनर्स के कार्यकताओं की सराहनीय भूमिका रही। एकेडमी ऑफ इंदौर मैराथनर्स, आयरनमैन फिनिशर्स और मैराथनर्स रेस एंबेसडर्स इंदौर का भी विशेष सहयोग रहा।

पति की हिंदी सुनकर हैरान हुईं रश्मिका मंदाना



पति विजय देवरकोंडा की हिंदी सुनकर एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना हैरान रह गईं। एक इंटरव्यू के दौरान विजय ने ह्यअनिवार्य कारणह्न शब्द का इस्तेमाल किया तो यह सुनकर रश्मिका ने कहा कि ये कहां से आ रहा है। दरअसल, विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना ने हाल ही में पत्रकार शुभंकर मिश्रा को इंटरव्यू दिया। इसमें दोनों ने हिंदी में बातचीत की। इस दौरान अपनी बात कहते हुए विजय ने ह्यअनिवार्य कारणह्न शब्द का इस्तेमाल किया। विजय के हिंदी के शब्द सुनकर रश्मिका हैरान रह गईं और बोलीं, ह्यअनिवार्य कारण... माय गॉड, बेबी! ये कहां से आ रहा है?ह्न

इस पर विजय ने जवाब दिया कि यह उनकी हिंदी क्लास और उड़ए में पहली से दसवीं तक की पढ़ाई से आ रहा है। विजय की बात सुनकर रश्मिका ने कहा, ह्यओह माय गॉड, ये कितने साल पहले की बात है?ह्न विजय ने आगे बताया कि उनके अंदर से अचानक यह शब्द निकल आया। इस पर रश्मिका हंसते हुए बोलीं कि यह तो उनके अंदर से ओवरफ्लो हो रहा है और उन्हें खुद समझ नहीं आ रहा कि यह कहां से आ रहा है।

गौरतलब है कि रश्मिका ने हाल ही में अलग-अलग फिल्म इंडस्ट्री में काम करने के दौरान अपने एक्सेंट और भाषा को लेकर होने वाली ट्रोलिंग पर बात की थी। हिंदुस्तान टाइम्स को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि वह किसी एक भाषा में ही माहिर नहीं हैं। उनका करियर अलग-अलग भाषाओं और किरदारों के हिसाब से खुद को ढालने का रहा है।

तस्वीरों में अकके इस्तेमाल पर भड़कीं यामी गौतम:बोलीं- मेरी पब्लिक फोटो से छेड़छाड़ न करें;

जान्हवी कपूर के गाने पर बना आपत्तिजनक डीपफेक



नेशनल अवॉर्ड विनिंग एक्ट्रेस यामी गौतम ने मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से उनकी तस्वीरों के साथ छेड़छाड़ न करने की अपील की है। रविवार को अपने अकाउंट पर एक पोस्ट में यामी ने लिखा कि उनकी पब्लिक अपीयरेंस की तस्वीरों को बदलने या सुधारने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) का इस्तेमाल न किया जाए।

उनका यह बयान सेलेब्रिटीज के अक जनरेटेड डीपफेक और आपत्तिजनक कंटेंट पर बढ़ते विवादों के बीच आया है। इससे पहले समांथा रुथ प्रभु और जान्हवी कपूर से जुड़े डीपफेक मामलों पर हाईकोर्ट और फिल्मी सितारों की सख्त प्रतिक्रियाएं सामने आ चुकी हैं।

यामी ने लिखा ह्यमीडिया से एक विनम्र अनुरोध। कृपया सार्वजनिक कार्यक्रमों में ली गई मेरी तस्वीरों को अक के जरिए बदलने या बेहतर बनाने से बचें। कृपया तस्वीरों का इस्तेमाल उनके मूल रूप में ही करें। किसी व्यक्ति की तस्वीर या रूप-रंग में अक का इस्तेमाल करके बदलाव या हेर-फेर उनकी जानकारी और सहमति के बिना नहीं किया जाना चाहिए। मेरे अनुरोध का सम्मान करने के लिए पहले से ही धन्यवाद! अभिनेत्रियों की तस्वीरों और पहचान के गलत इस्तेमाल का मुद्दा लगातार बड़ा होता जा रहा है। हाल ही में बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को निर्देश दिया था कि वे एक्ट्रेस समांथा रुथ प्रभु से जुड़े आपत्तिजनक कंटेंट को तुरंत हटाएं। इसमें अक से बने डीपफेक और बिना इजाजत उनका नाम और चेहरा इस्तेमाल करके बनाए गए विज्ञापन शामिल थे। कोर्ट ने माना कि बिना अनुमति किसी सेलेब्रिटी की पहचान का व्यापारिक इस्तेमाल सही नहीं है। हाल ही में जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर की फिल्म 'देवरा पार्ट 1' के गाने 'चुट्टमल्ले' का एक एडिटेड डीपफेक वीडियो वायरल हुआ था। इस वीडियो में जान्हवी कपूर के चेहरे को अकसे बदलकर आपत्तिजनक रूप में दिखाया गया था। वीडियो वायरल होने के बाद जूनियर एनटीआर ने शनिवार को एक बयान जारी कर इस पर कड़ी नाराजगी जताई थी। उन्होंने लिखा कि ह्यचुट्टमल्लेह्न के इस मॉफ्र्ड वीडियो को बनाने और फैलाने वालों के खिलाफ मैं हर संभव कानूनी कार्रवाई करूंगा। मैं उनमें से किसी को भी नहीं छोड़ूंगा।

दृश्यम-3 ने 2 दिन में कमाए 177 करोड़:सलमान



अजय देवगन स्टारर फिल्म 'दृश्यम 3' (दृश्यमः द कंक्लूजन) ने बॉक्स ऑफिस पर मजबूत शुरूआत की है। रिलीज के शुरूआती दो दिनों में ही फिल्म ने दुनियाभर में 177 करोड़ रुपए का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है।

इसके साथ ही यह फिल्म इस साल की टॉप 10 सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो गई है। घरेलू बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने दो दिनों में 115.50 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया है।

वहीं, 'दृश्यम 3' के थिएटर्स में आने से पहले से चल रही फिल्म 'हनुमान अंश' की कमाई की रफ्तार थोड़ी धीमी पड़ी है।

दूसरे दिन भारत में कमाए 53.50 करोड़

ट्रेड रिपोर्ट्स के मुताबिक, 2 अक्टूबर को रिलीज हुई फिल्म 'दृश्यम 3' की एडवांस बुकिंग 50 करोड़ रुपए से ज्यादा की रही थी। फिल्म ने पहले दिन शुक्रवार को दुनियाभर में 93 करोड़ रुपए का कलेक्शन दर्ज किया था।

दूसरे दिन शनिवार को भी फिल्म की अच्छी पकड़ बनी रही। भारत में शनिवार को फिल्म ने 53.50 करोड़ रुपए का नेट बिजनेस किया, जबकि शुक्रवार को 62 करोड़ रुपए की कमाई हुई थी। दो दिनों में फिल्म का भारत में कुल ग्रॉस कलेक्शन 138.60 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है।

यामी गौतम और आदित्य धर ने छोड़ा मुंबई:हिमाचल के 100



एक्ट्रेस यामी गौतम और डायरेक्टर आदित्य धर ने मुंबई छोड़कर हिमाचल प्रदेश में स्थायी रूप से बसने का फैसला किया है। 'फ्री प्रेस जर्नल' की रिपोर्ट के मुताबिक लाइमलाइट से दूर शांत जिंदगी बिताने के लिए दोनों हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में स्थित अपने घर में शिफ्ट हो गए हैं।हालांकि, फिल्मों के काम के सिलसिले में दोनों का मुंबई आना-जाना बना रहेगा। हाल ही में 72वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड समारोह में यामी को 'आर्टिकल 370' के लिए बेस्ट एक्ट्रेस और आदित्य को बतौर प्रोड्यूसर अवॉर्ड मिला था।

शादी से पहले खरीदी थी 25 एकड़ की प्रॉपर्टी

37 साल की यामी गौतम का जन्म हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में हुआ था। शादी से पहले उन्होंने मंडी के गोहर में 25 एकड़ जमीन पर बना 100 साल पुराना हेरिटेज घर खरीदा था।

लकड़ी और पत्थर से बने इस घर के आसपास बगीचे हैं, जहां सेब, आलू, आलूबुखारा और अदरक उगाए जाते हैं। 40 साल के आदित्य धर और यामी गौतम ने 4 जून 2021 को इसी प्रॉपर्टी में शादी की थी।


मुंबई के खार में किराए के घर में रहते थे

हिमाचल जाने से पहले यह कपल मुंबई के खार वेस्ट इलाके में एक बड़े अपार्टमेंट में रहता था। यह घर चित्रकार धुरंधर मार्ग पर स्थित है। आदित्य धर ने अपनी फिल्म 'धुरंधर' के प्रमोशन के दौरान अपने घर के पते का जिक्र भी किया था। 'धुरंधर' और 'धुरंधर 2' की सफलता के बाद कपल के इस घर को खरीदने की चर्चाएं थीं, लेकिन अब उन्होंने हिमाचल को अपना स्थायी ठिकाना बना लिया है।

2024 में बेटे वेदाविद के माता-पिता बने

यामी और आदित्य मई 2024 में माता-पिता बने थे। उनके बेटे का नाम वेदाविद है। कपल ने अपने बेटे की निजता का ध्यान रखते हुए उसका चेहरा मीडिया और सोशल मीडिया पर नहीं दिखाया है। यामी ने पिछले साल बेटे के साथ एक तस्वीर शेयर की थी, लेकिन उसमें भी चेहरा छिपाकर रखा था।

जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...



रंग भरकर चित्र बनाओ








जोक्स

एक 88 साल के बुजुर्ग को
फोन आया– सर हम बैंक से बोल रहे हैं,
म्यूचुअल फंड ले लो, साल में भाव डबल हो जाएंगे।
बुजुर्गः बेटा, मैं उम्र के उस
मोड़ पर हूँ जो केले
भी कच्चे नहीं खरीदता।


टीचरः बताओ तुम्हारा
होमवर्क कहां है
पप्पूः मैडम फेसबुक
पर चेक करिए,
मैंने स्क्रीनशॉट अपलोड कर दिए हैं
और आपको टैग भी कर दिया है।







वर्ग पहेली



बाएं से दाएं

1. निशा, रात (उर्दू-2)
4. ताला (अंग्रेजी-2)
6. दुलारा, लाडला-2
7. बढ़ावा, समर्थन-2
9. निवास, घर, नीड़-3
12. कमी-3
14. पनाह, आश्रय-3
16. अंगूठे से तीसरी अंगुली, सावित्री-4
17. सज्जनता, सभ्यता-4
18. गिरवी रखी वस्तु-3
20. एक राशि-3
22. दबाव (अंग्रेजी-3)
24. कुल, मुनाफा-2
26. उम्मीद, आशा-2
27. मादा का विलोम-2
28. आगमन-2

ऊपर से नीचे

1. मदिरा, मय-3
2. ऐश्वर्या व अक्षय खन्ना की फिल्म-2
3. सम्मान, प्रसिद्धि-2
5. डोली उठाने वाले-3
6. वेस्टइंडीज की क्रिकेट टीम के कप्तान-2
8. अधिकार-2
10. सेनापति, कप्तान-2,3
11. पति की मां-2
13. आत्मबलिदानी -5
14. कद काठी-3
15. रसद, किराणा-3
19. प्रत्येक-2
20. मैला, अस्वच्छ-3
21. मिट्टी, धूल-2
22. छापाखाना-2
23. जिव्हा, जीभ -3
25. सम्मान-2
26. फलों का राजा-2

माथा पच्ची

10		10		2		10	=	50
5		5		5		15	=	25
15		4		10		2	=	35
30		25		10		12	=	62
=		=		=		=		=
30		29		7		62	=	11/4

संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

शब्दों का जाल



शब्दजाल में संजय दत्त की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं.

लगे रहो मुन्ना भाई, तथास्तु, परिणिता, मुसाफिर, दीवार, रुद्राक्ष, कांटें, राजू चाचा, खौफ, दुश्मन

अष्टयोग

		4		6		1
6	22	1	30		38	4
	2		4	5		7
	30	2	31	3	33	
4		6	7		2	
	39		43	4	25	5
	4	5		7	1	

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

माथा पच्ची का हल

30	+	35	-	10	-	30	=	25
-		+		x		-		+
23	-	10	+	15	+10	=		38
+		-		+		+		-
30	x	2	-	10	+	1	=	50
+		+		+		+		-
50	+	1	-	12	-	30	=	8
=		=		=		=		=
87	-	43	+	27	-	50	=	14/4

अष्टयोग का हल

4	3	7	5	6	1	2
5	32	3	40	1	28	7
1	3	6	7	5	2	4
3	26	2	40	7	34	6
6	1	4	7	2	5	3
2	30	1	28	4	29	5
7	4	5	2	3	6	1

शब्दजाल का हल



सूडोकु नवताल-

मध्यम

4			9		6	1		8
6	8							
	1	7	3	8		4		
3	4		6		7			9
5		1	8			2		7
2			5		1		8	4
		3		7	5	8	6	
							9	5
7		6	2		8			1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल मध्यम का हल

2	9	8	3	5	6	1	7	4
4	5	3	2	1	7	9	8	6
7	1	6	4	8	9	2	5	3
8	2	5	6	9	1	3	4	7
3	6	4	7	2	5	8	1	9
1	7	9	8	3	4	5	6	2
5	4	1	9	7	2	6	3	8
6	3	2	1	4	8	7	9	5
9	8	7	5	6	3	4	2	1

ट्रम्प के कामकाज से 70% अमेरिकी संतुष्ट नहीं:सर्वे में दावा, मिडटर्म में हार का खतरा;



राष्ट्रपति के खिलाफ पार्टी में बगावत तेज

ब्रह्मास्त्र ›› न्यूयॉर्क

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ उनकी ही रिपब्लिकन पार्टी में बगावत के संकेत दिख रहे हैं। इसकी वजह ट्रम्प की गिरती लोकप्रियता और मिडटर्म चुनाव में उनके साथ का उम्मीदवारों को नुकसान पहुंचने का डर है।

नवंबर में होने वाले चुनाव से पहले कई रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रम्प से दूरी बना रहे हैं। कुछ ने अपनी प्रचार वेबसाइट से ट्रम्प और उनके अमेरिका फर्स्ट एजेंडे का जिक्र हटाया है, जबकि कुछ चुनावी मंच साझा करने से बच रहे हैं।

एपी-एनओआरसी सर्वे के मुताबिक, सिर्फ 30% अमेरिकी ट्रम्प के कामकाज से संतुष्ट हैं। अर्थव्यवस्था संभालने पर उनकी अप्रूवल रेटिंग 26% और जीवनयापन की लागत पर 17% है। 65% से ज्यादा अमेरिकी ऊंची कीमतों के लिए ट्रम्प की नीतियों को जिम्मेदार मानते हैं।

ट्रम्प की नीतियों के खिलाफ पार्टी में आवाजें तेज

आयोवा से सांसद और सीनेट उम्मीदवार एश्ले हिंसन और मिशिगन के सीनेट उम्मीदवार माइक रोजर्स ने ईरान युद्ध जल्द खत्म करने की मांग की है। दोनों पहले ट्रम्प की सैन्य कार्रवाई के समर्थक थे। आयोवा के सांसद जैक नन और मैरियानेट मिलर-मीक्स ने ट्रम्प की युद्ध शक्तियां सीमित करने के लिए डेमोक्रेट्स के साथ वोट किया। फ्लोरिडा की सांसद मारिया ने ट्रम्प की सख्त इमिग्रेशन नीति पर सवाल उठाए हैं। कई उम्मीदवारों ने कहा है कि वे ट्रम्प का प्रचार नहीं चाहते। कड़े मुकाबले वाली सीटों पर कई रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रम्प से दूरी बना रहे हैं। कुछ ने अपनी प्रचार वेबसाइट से ट्रम्प का जिक्र हटा दिया है, जबकि कुछ उनके साथ चुनावी मंच साझा करने से बच रहे हैं।

अर्थव्यवस्था बड़ी कमजोरी, ट्रम्प को 26% सपोर्ट

रिपब्लिकन उम्मीदवारों की बेचैनी के पीछे सबसे बड़ा कारण अर्थव्यवस्था है। 24 से 28 सितंबर के एपी-एनओआरसी सर्वे में केवल 17% अमेरिकियों ने कहा कि वे ट्रम्प के जीवनयापन की लागत संभालने के तरीके से संतुष्ट हैं। अर्थव्यवस्था पर उनकी अप्रूवल रेटिंग सिर्फ 26% रही, जबकि कुल कामकाज से 10 में केवल 3 अमेरिकी ही संतुष्ट हैं। 65% से ज्यादा अमेरिकी लगातार ऊंची कीमतों के लिए सीधे ट्रम्प की नीतियों को जिम्मेदार मान रहे हैं। 64% का कहना है कि टैरिफ के मामले में ट्रम्प जरूरत से ज्यादा आगे चले गए। वहीं, रिपब्लिकन उम्मीदवारों के लिए दिक्कत यह है कि वे महंगाई के खिलाफ प्रचार तो करना चाहते हैं, लेकिन व्हाइट हाउस में अपनी ही पार्टी के राष्ट्रपति की आर्थिक नीतियों से खुद को पूरी तरह अलग भी नहीं कर सकते।

ट्रम्प से दूरी वाले खेमे में बड़े नाम; गवर्नर से सांसदों तक का विरोध

ट्रम्प से दूरी बनाने वालों की सूची में गवर्नर पद पर लड़ रहे विस्कॉन्सिन के टॉम टिफनी, एरिजोना के एली क्रेन और जॉर्जिया के रिक जैक्सन जैसे नाम शामिल हैं। सांसदों से जुड़े चेहरों में जॉर्जिया की मार्जरी टेलर, केंटकी के जेम्स कोमर, ओहायो के जिम जॉर्डन और साउथ कैरोलिना की नैन्सी मेस हैं। ये लंबे समय तक ट्रम्प के समर्थक रहे हैं।

सर्वे: ट्रम्प के गढ़ ओहायो से गवर्नर की रेस में भारतीयवंशी रामास्वामी भी 6 पॉइंट पीछे

ओहायो गवर्नर चुनाव में भारतीयवंशी विवेक रामास्वामी के लिए बड़ी परीक्षा बन गया है। ट्रम्प ने 2024 में यह राज्य 11 पॉइंट से जीता था, लेकिन 24 से 27 सितंबर के मैरिस्ट सर्वे में डेमोक्रेट एमी एक्टन 50% समर्थन के साथ रामास्वामी के 44% से आगे हैं। इसी सर्वे में ट्रम्प की अप्रूवल 42% रही। 41% वोटर्स ने कहा कि चुनाव में उनका वोट मुख्य रूप से ट्रम्प के खिलाफ होगा।

विपक्षी डेमोक्रेट्स 9 अंक आगे, हाउस में इतनी बढ़त रिपब्लिकन के लिए बड़ा खतरा रिपब्लिकन पार्टी की चिंता राष्ट्रीय चुनावी आंकड़ों से भी बढ़ रही है। नेट सिल्वर के औसत के मुताबिक सितंबर की शुरूआत में कांग्रेस के जेनेरिक बैलेट में डेमोक्रेट्स की बढ़त 6.7 अंक थी, जो अब 9 अंक हो गई। हाउस में इतनी बढ़त रिपब्लिकन के लिए गंभीर खतरा है। सीनेट में भी तस्वीर पहले के मुकाबले कठिन हुई है। रिपब्लिकन फिलहाल 53-47 की बढ़त रखते हैं, लेकिन कुछ ऐसी सीटें भी प्रतिस्पर्धी हो गई हैं जिन्हें पहले सुरक्षित माना जा रहा था।

विमान को बिल्डिंग से टकराने वाला था, इंजन बंद करने का भी शक

रिपोर्ट-ओमानी पायलट ने प्लेन क्रैश की साजिश अकेले रची थी:

ब्रह्मास्त्र ›› इजराइल

दुबई से इजराइल जा रही फ्लाईदुबई की फ्लाइट में भारतीय कैप्टन स्मित मच्छर पर हमला करने वाला ओमानी को-पायलट हमाम अल-हमामी ने अकेले ही विमान को क्रैश करने की साजिश रची थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक अभी तक उसके किसी संगठन या सरकार से जुड़े होने की जानकारी नहीं मिली है।

इटली के अखबार कोरिएरे डेला सेरा की रिपोर्ट के मुताबिक हमामी का प्लान कैप्टन स्मित को मारकर विमान को तेल अवीव में किसी ऊंची बिल्डिंग से टकराना था। उसने कॉकपिट में नमाज पढ़ने का बहाना बनाया और कैप्टन पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया।

रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि जब उसका पहला प्लान नाकाम होने लगा तो उसने विमान को रेगिस्तान में गिराने की कोशिश की। इस दौरान उसने ऑटोपायलट बंद कर दिया, जिससे विमान तेजी से नीचे आने लगा। जांचकताओं को शक है कि हमामी ने विमान के दोनों इंजन बंद करने की कोशिश की थी।

फ्लाइटरडार24 के मुताबिक, विमान करीब एक मिनट में 33 हजार फीट से 17 हजार फीट तक नीचे आ गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, हमामी ने नजाम के दौरान इमरजेंसी के लिए रखे क्रैश एक्स यानी कुल्हाड़ी निकाली और पीछे से कैप्टन स्मित पर वार करना शुरू कर दिया। शुरूआत में स्मित को लगा कि विमान का कोई हिस्सा उनके सिर से टकराया है, लेकिन लगातार वार होने पर उन्हें समझ आया कि उन पर हमला हो रहा है।



हमले में कैप्टन स्मित के सिर पर गंभीर चोट लगी और उनके हाथ पर भी गहरी चोट आई। काफी खून बहने के बावजूद उन्होंने कॉकपिट का दरवाजा खोलने की कोशिश की, लेकिन हमामी ने दरवाजा बंद कर दिया। फिर स्मित ने उससे मुकाबला करते हुए दोबारा दरवाजा खोला। कॉकपिट से आवाजें सुनकर ताली बर्कोविच नाम की एक महिला ने लोगों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद कई यात्री और दो ऑफ-ड्यूटी पायलट कॉकपिट में पहुंचे। उन्होंने कैप्टन स्मित को गंभीर हालत में पाया और को-पायलट हमामी को काबू करने की कोशिश की।

इजराइली महिला ताली बर्कोविच-मानेस उस समय फ्लाइट के टॉयलेट के बाहर थीं, जबकि उनकी 6 साल की बेटी नीना अंदर थी। कॉकपिट से शोर सुनकर ताली को पायलट पर हमले का अंदेशा हुआ। उनके पति त्जविका कॉकपिट में पहुंचे और को-पायलट को काबू करने में मदद की।

रिपोर्ट के मुताबिक इस पूरे घटनाक्रम के दौरान विमान तेजी से जमीन की ओर गिर रहा था। उसकी रफ्तार 970 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा पहुंच गई थी। इस दौरान विमान का पिछला रडार क्षतिग्रस्त हो गया और को-पायलट हमामी ने कंट्रोल को भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश की।

सऊदी अरब के ताबुक में इमरजेंसी लैंडिंग

सऊदी अरब के एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स ने विमान को वापस मोड़ने को कहा। इसके बाद फ्लाइट को ताबुक में इमरजेंसी लैंडिंग कराने के निर्देश दिए गए। पायलटों ने विमान को सुरक्षित उतारा। लैंडिंग के बाद घायल कैप्टन स्मित को अस्पताल ले जाया गया, जबकि हमाम अल-हमामी को सऊदी अधिकारियों को सौंप दिया गया। घटना के कुछ वीडियो में विमान की इमरजेंसी लाइट्स जलती दिखाई दीं। रिपोर्ट के मुताबिक, इससे विमान की मुख्य बिजली सप्लाई बंद होने की आशंका जताई गई। ऐसे में विमान बैटरी पावर पर आ सकता है। जांचकर्ता यह पता लगा रहे हैं कि क्या को-पायलट हमामी ने इंजन तक फ्यूल पहुंचाने वाले स्विच को ह्यरनह्ल से ह्यकटऑफह्ल पर किया था। बाद में दोनों ऑफ-ड्यूटी पायलटों ने विमान को सामान्य स्थिति में लाने की कोशिश की। रिपोर्ट के मुताबिक विमान में इंजन दोबारा शुरू करने की स्थिति बनी हुई थी।

पाकिस्तान में इमरान खान की रिहाई के लिए मार्च:

'लक्की मारवत से इस्लामाबाद के लिए निकले हजारों लोग, दूरी 275 किमी



ब्रह्मास्त्र ›› इस्लामाबाद

पाकिस्तान की सियासत रविवार को गरमा गई। पूर्व पीएम इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के समर्थकों ने खैबर पख्तूनख्वा के लक्की मारवत से लॉन्ग मार्च शुरू किया। हजारों लोग करीब 275 किमी दूर इस्लामाबाद की तरफ बढ़ रहे हैं।

लक्की मारवत से करीब 3 किमी आगे फ्रंटियर फोर्स और इमरान समर्थक आमने-सामने आ गए। दोनों ओर से पथराव हुआ और पुलिस ने लाठीचार्ज शुरू कर दिया। अफरातफरी के बीच इमरान समर्थकों ने भी जमकर मुकाबला किया। लगभग एक घंटे बाद मार्च फिर से शुरू हो गया। लॉन्ग मार्च की शुरूआत में ही हिंसक झड़पों से खतरे के बीच पीटीआई सांसद शहजाद शहबाज और आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने देर शाम बैठक की है। हालांकि बैठक में किए गए फैसलों के बारे में अभी कुछ पता नहीं चला है। इससे पहले शहबाज सरकार ने शनिवार रात को पंजाब सूबे में बड़ा क्रैकडाउन किया। इमरान की पार्टी के कार्यकताओं की बड़े पैमाने पर धरपकड़ की गई। ढळक का दावा है कि उसके लगभग दो हजार कार्यकताओं की गिरफ्तारी की गई है। वहीं इस्लामाबाद में संसद और हाईवे की सुरक्षा बढ़ाते हुए कई रास्तों को कंटेनर लगाकर बंद कर दिया गया है।

70 साल में कश्मीर समेत 4 मसलों पर समर्थन किया

जब दुनिया पाकिस्तान के पीछे खड़ी थी, तब भारत के साथ रूस था-जयशंकर

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा कि जब पूरी दुनिया पाकिस्तान के साथ खड़ी थी, तब रूस ने भारत का साथ दिया। दिल्ली में म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में जयशंकर ने कहा कि, भारत-रूस के रिश्ते लंबे समय से अच्छे रहे हैं। नई दिल्ली के लिए मॉस्को के साथ रिश्ते सिर्फ आज की स्थिति से तय नहीं होते। दरअसल रूस ने बीते 70 साल में कश्मीर समेत 4 अहम मसलों पर भारत का समर्थन किया है। 20 फरवरी 1957 को ऑस्ट्रेलिया, क्यूबा, ब्रिटेन और अमेरिका ने कश्मीर को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (वठरउ) में एक प्रस्ताव रखा था। इसमें कश्मीर में अस्थायी वठ फोर्स भेजने के विचार को आगे बढ़ाने की बात थी।

प्रस्ताव को 9 देशों का समर्थन मिला, लेकिन रूस (तब सोवियत संघ) ने वीटो कर दिया, इसलिए प्रस्ताव पास नहीं हुआ। 1971 में अमेरिका ने पाकिस्तान का समर्थन किया था

1965, भारत-पाक युद्ध - चीन ने पाकिस्तान का समर्थन किया। उसने भारत पर दबाव बढ़ाने के लिए अपनी सीमा पर सैनिक तैनात किए। ईरान और तुर्किये ने भी पाकिस्तान का समर्थन किया। ईरान ने उसे हथियार और ईंधन भी दिया। 1971, बांग्लादेश युद्ध - अमेरिका पाकिस्तान के समर्थन में था। उसने अपना युद्धपोत बंगाल की खाड़ी की ओर भेजा था। चीन भी पाकिस्तान के साथ खड़ा था। 1971 में ईरान का समर्थन - ईरान ने भी पाकिस्तान की मदद की। उसने पाकिस्तान के लिए हथियार जुटाने में मदद की और सैन्य सामान उपलब्ध कराया। जयशंकर ने यूक्रेन युद्ध को लेकर भारत का पुराना रुख दोहराया। उन्होंने कहा कि युद्ध खत्म करने के लिए बातचीत, कूटनीति और समझौते का रास्ता अपनाना जरूरी है।

प्रधानमंत्री मोदी भी कई बार यही बात कह चुके हैं। उन्होंने 2022 में रूसी राष्ट्रपति पुतिन से कहा था कि आज का दौर युद्ध का नहीं है। जयशंकर ने कहा कि भारत ने रूस और यूक्रेन दोनों से बातचीत की है। इनमें ब्लैक सी में जहाजों की सुरक्षित आवाजाही, अनाज और ऊर्जा के निर्यात और अहम बुनियादी ढांचे पर हमले रोकने जैसे मुद्दे शामिल रहे। पहला- 29 सितंबर को न्यूयॉर्क के एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टीट्यूट में जयशंकर ने कहा था- भारत की चिंताओं में एक पाकिस्तान से आने वाला आतंकवाद है। अगर अमेरिका इस चिंता को नहीं समझता, तो इसका असर भारत-अमेरिका रिश्तों पर पड़ता है।

यमन ने हूतियों को खदेड़ने के लिए फौज भेजी:इनके कब्जे में देश का

यमन ने हूतियों को खदेड़ने के लिए फौज भेजी:इनके कब्जे में देश का एक-तिहाई हिस्सा

ब्रह्मास्त्र ›› यमन

यमन की सऊदी समर्थित सरकार ने हूती विद्रोहियों को खदेड़ने और कब्जे वाले इलाकों को वापस लेने के लिए फौज भेजना शुरू कर दिया है।

राष्ट्रपति राशद अल-अलीमी ने रविवार को इसका ऐलान करते हुए कहा कि सरकारी सेना पूरे यमन में राज्य का नियंत्रण बहाल करेगी। यमन में हूतियों का करीब एक-तिहाई इलाके पर नियंत्रण है। यहां देश की करीब 80% आबादी रहती है। यही वजह है कि हूतियों का क्षेत्रफल कम होने के बावजूद उनका देश की आबादी और अहम शहरों पर बड़ा प्रभाव है। हूतियों ने पिछले 48 घंटों में यमन के पश्चिमी तट पर कई रणनीतिक पहाड़ियों पर कब्जा किया है। अगर हूती इस इलाके को सरकारी इलाके से काट देते हैं, तो सरकार पूरी तरह इस पर नियंत्रण खो देगी। हूतियो ने इस इलाके में यमन के तीसरे सबसे बड़े शहर ताइज पर भी कब्जा बढ़ाया है। यहां सैकड़ों लोग रहते हैं और हजारों सरकारी समर्थक लड़ाके भी तैनात हैं। शहर पर दबाव बढ़ने से आम लोगों के लिए भी मुश्किलें बढ़ सकती हैं।



यमनी पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक मोहम्मद अल-कादी के मुताबिक, आसपास की पहाड़ियों पर कब्जा हूतियों को मजबूत रक्षा स्थिति देता है। इससे तट की ओर होने वाली किसी भी सैन्य कार्रवाई का सामना करना उनके लिए आसान होगा और इन इलाकों को वापस लेना सरकार के लिए मुश्किल हो सकता है।

बाब अल-मंदेब पर भी हूतियों की नजर

हूतियों की हालिया बढ़त सिर्फ जमीन तक सीमित नहीं है। उन्होंने बाब अल-मंदेब स्ट्रेट के आसपास भी अपनी स्थिति मजबूत की है। यह लाल सागर और अदन की खाड़ी को जोड़ने वाला अहम समुद्री व्यापार मार्गों में से एक है। दुनिया का 12% तेल इसी रास्ते से होकर गुजरता है। हाल ही में हूतियों ने दक्षिणी लाल सागर में दो और अहम द्वीपों ग्रेटर हनीश और लेसर हनीश पर कब्जा कर लिया है। ये द्वीप बाब-अल मंदेब स्ट्रेट से करीब 160 किमी उत्तर में हैं। इन पर कब्जे से लाल सागर के समुद्री रास्ते पर उनका दबदबा और मजबूत हो गया है।

विमान को बचाने वाले दोनों सीक्रेट पायलट कौन?

दुबई से इजराइल जा रही फ्लाईदुबई की फ्लाइट में को-पायलट ने भारतीय को-पायलट पर हमला किया तो विमान तेजी से नीचे जाने लगा। घायल कैप्टन स्मित मच्छर ने किसी तरह कॉकपिट का दरवाजा खोला। इससे प्लेन में मौजूद बाकी दो पायलटों को कॉकपिट में पहुंचने का मौका मिल गया और उन्होंने इसे संभाल लिया।

अढ के मुताबिक, विमान को कंट्रोल में लेने के बाद भी दोनों पायलटों ने कुछ देर तक यात्रियों से बात नहीं की। इससे यात्री और डर गए। उन्हें पता नहीं था कि कॉकपिट में कौन है और विमान को कहां ले जाया जा रहा है। कुछ यात्रियों को डर था कि कहीं विमान को हाईजैक करके ईरान न ले जाया जाए।

करीब 45 मिनट बाद पायलटों ने बताया कि विमान को सऊदी अरब के तबुक में उतारा जाएगा और सब ठीक है। इसके बाद यात्रियों

आतंकी साजिश के शक में यहां से पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया था

अमेरिका ने ब्रिटिश एयरबेस से बी-1 बॉम्बर हटाए, आरोपियों की जमानत पर ट्रम्प नाराज थे

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

अमेरिका ने ब्रिटेन के फेयरफोर्ड एयरबेस से अपने सभी इ-1 बॉम्बर विमान वापस बुला लिए हैं। यहां करीब 12 इ-1 बॉम्बर तैनात थे। पेंटागन ने रविवार को इसकी पुष्टि की।

हाल ही में इस एयरबेस की सुरक्षा बढ़ाई गई थी। आतंकी साजिश के शक में यहां से पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

बाद में सभी आरोपियों को जमानत मिल गई थी। इस पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नाराजगी जताई थी। पिछले रविवार को इंग्लैंड में एयरबेस के पास व्हेलफोर्ड गांव में रहने वाले एक किसान ने सड़क पर तीन वैन खड़ी देखीं थी। उसके मुताबिक, कई नकाबपोश लोग वहां मौजूद थे और



बाद में मौके से फरार हो गए।

एक महिला ने पुलिस को 3 संदिग्ध वैन के बारे में में जानकारी दी थी। पुलिस को सूचना मिलने के बाद इलाके में सुरक्षा बढ़ाई गई और एयरबेस के आसपास 85 घरों को खाली कराया गया। तस्वीरों में इन वैन के अंदर बैरल जैसी चीजें दिखाई दीं थीं। इनमें से एक वैन पर एक फर्जी लोगो और फोन नंबर लगा था, जिससे वह किसी असली डीजल सप्लाई कंपनी की गाड़ी जैसी लग रही थी। जांच में वैन से कोई विस्फोटक नहीं मिला। नेशनल काउंटर टेररिज्म पुलिसिंग के प्रमुख लॉरेंस टेलर ने बताया था कि वहां से कुछ मात्रा में पेट्रोल बरामद हुआ था। इस घटना के बाद लंदन के रहने वाले 23 से 25 साल की उम्र के पांच ब्रिटिश पुरुषों को गिरफ्तार किया गया था।

ईरान के खिलाफ ऑपरेशन के लिए इस्तेमाल हो रहा था फेयरफोर्ड



जांच के दौरान 1 अक्टूबर को लंदन से एक ब्रिटिश-ईरानी नागरिक को भी गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के मुताबिक, उसकी गिरफ्तारी फेयरफोर्ड एयरबेस के पास हुई संदिग्ध घटना की जांच के सिलसिले में की गई थी। बाद में उसे भी जमानत पर रिहा कर दिया गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आरोपियों को जमानत मिलने पर कहा था कि वह ऐसा नहीं करते। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने मामले में किसी विदेशी ताकत (ईरान) के शामिल होने की आशंका जताई थी। ईरान ने बाद में इन आरोपों को खारिज कर दिया था। ब्रिटेन ने मार्च में अमेरिका को फेयरफोर्ड का इस्तेमाल ईरान के खिलाफ खास रक्षात्मक अभियानों के लिए करने की अनुमति दी थी।

■ वर्ष-12 अंक-332 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

सुभाषितानि

विद्वत्त्वं दक्षता शीलं सङ्क्रान्तिरनुशीलनम्।
शिक्षकस्य गुणाः सप्त सचेतस्त्वं प्रसन्नता।।

भावार्थ : ज्ञानवान, निपुणता, विनम्रता, पुण्यात्मा, मनन चिंतन हमेशा सचेत और प्रसन्न रहना ये साथ शिक्षक के गुण है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, सोमवासरः 05 अक्टूबर, 2026

निवर्तयत्यन्यजनं प्रमादतः स्वयं च निष्पापपथे प्रवर्तते।
गुणाति तत्त्वं हितमिच्छुरंगिनाम् शिवार्थिनां यः स गुरु र्निगद्यते।।

भावार्थ : जो दूसरों को प्रमाद करने से रोकते हैं, स्वयं निष्पाप रास्ते से चलते हैं, हित और कल्याण की कामना रखनेवाले को तत्त्वबोध करते हैं, उन्हें गुरु कहते हैं।

सम्पादकीयम्

नितिआयोग द्वारा आतङ्कजनकाः

नितिआयोग द्वारा आतङ्कजनकाः आँकडाः प्रस्तुताः सरकारीविद्यालय शिक्षाव्यवस्थायाः स्थितिः निटीआयोगस्य हाले प्राप्तैः आँकडाभिः प्रकाशिता अस्ति, यस्य अनुसारं विगतदशके देशे सर्वकारीयविद्यालयाः ९४,००० बन्दाः अभवन् अस्मिन् एव काले सर्वकारसहायकविद्यालयानाम् संख्या ८३,००० तः ७९,००० यावत् न्यूनीभूता, छात्राणां संख्यायां अपि न्यूनता अभवत् यदि किमपि वृद्धिः अभवत् तर्हि निजीविद्यालयानाम् संख्यायां अस्ति, या २.८८ लक्षतः ३.३९ लक्षं यावत् वर्धिता अस्ति। बहुषु सर्वकारीयविद्यालयेषु मूलभूतसुविधानां अभावः अद्यत्वे देशे निजीविद्यालयजालस्य तीव्रगत्या विस्तारः भवति, यदा तु विद्यमानाः सर्वकारीयविद्यालयाः विद्युत्, जलं, फर्निचर इत्यादीनां मूलभूतसुविधानां अभावेन संघर्षं कुर्वन्ति छात्रैः अद्यतनविरोधैः अपि एतत् यथार्थं प्रकाशितम् अस्ति। सद्यःकालेषु लखनऊ, उन्नाव, कन्नौज, जयपुर इत्यादिषु स्थानेषु सर्वकारीयविद्यालयेषु छात्राः वीथिं गतवन्तः। एते बालकाः यत् तेषां न्याय्यः अधिकारः इति आग्रहं कुर्वन्ति- स्वविद्यालयेषु समुचितसुविधाः। तेषां स्वराः खलु प्रभावं कुर्वन्ति; यूपी-सर्वकारेण सर्वोदयविद्यालयस्य कार्यक्षमतायाः उन्नयनार्थं व्यापकपरिवर्तनानां निदेर्शाः जारीकृताः सन्ति। मूलशिक्षायाः आधारः दुर्बलः चेत् सम्प्रति क्रियमाणाः उपायाः स्वागतयोग्याः सन्ति, परन्तु अभिनयस्य पूर्वं छात्राणां वीथिं प्रति गमनस्य प्रतीक्षा आवश्यकी आसीत् वा?

मधुसूदनः उर्फ 'मड संधु'-सोशलमीडियाक्षेत्रे मेकअप, फैशन,

जीवनशैली सामग्री च प्रसिद्ध : गोली मारितः अज्ञातौ मोटरसाइकिलवाहकौ क्रमणकारिणौ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अमृतसर



अमृतसर संवाददाता : मधुसूदनः उर्फ 'मड संधु'-सोशलमीडियाक्षेत्रे मेकअप, फैशन, जीवनशैली सामग्री च प्रसिद्धः-अमृतसरनगरे गोली मारितः। शनिवासरे सायं लोहरकामार्गक्षेत्रे अज्ञातौ मोटरसाइकिलवाहकौ आक्रमणकारिणौ तस्य उपरि गोलीकाण्डं कृत्वा घटनायाः अनन्तरं पलायितवन्तौ। सन्धुः गम्भीरस्थितौ चिकित्सालयं प्रेषितः, परन्तु तस्य प्राणः रक्षितुम् न शक्तवान्। पञ्जाबपुलिसः तस्य मृत्योः पुष्टिं कृत्वा अस्य विषयस्य अन्वेषणं आरब्धवान् अस्ति।

उन्मत्तसन्धुस्य हत्यायाः कारणात् न केवलं सामाजिकमाध्यमानां मनोरञ्जनजगत् च कम्पितम् अपितु ये तस्य मेकअपस्य, फैशनस्य, साहसिकस्य सामाजिकमाध्यमसामग्रीणां च कृते तं जानन्ति स्म। घटनायाः अनन्तरं उद्भूताः सूचनाः सूचयन्ति यत् विगतदिनेभ्यः संधुः मृत्युधमकीं प्राप्नोति स्म। एतेषां धमकीनां हत्यायाः च सम्भाव्यसम्बन्धस्य अन्वेषणं अधुना पुलिसं कुर्वती अस्ति। अस्मिन् स्तरे हत्यायाः पृष्ठतः सटीकं प्रेरणा अस्पष्टम् एव अस्ति। आक्रमणकारिणां पहिचानं कृत्वा घटनाक्रमं एकत्र स्थापयितुं पुलिस कार्यं कुर्वती अस्ति। सायं ६ वादनस्य समीपे वीथिकायां आक्रमणं जातम् समाचारानुसारं मद् संधुः शनिवासरे सायं ६ वादनस्य समीपे स्वनिवासस्थानात् बहिः गतः-अमृतसरस्य ड्रीम सिटी कॉलोनी इत्यत्र स्थितः। तदा एव मोटरसाइकिलवाहकौ आक्रमणकारिणौ सहसा तस्य उपरि गोलीपातं कृतवन्तौ। प्रत्यक्षदर्शिनः अवदन् यत् संधूः गोलिकापातस्य अनन्तरं मार्गे पतितः। आक्रमणकारिणः क्षणमात्रेण स्वमोटरसाइकिलेन पलायिताः। प्रेक्षकाः पुलिसं सचेष्टयित्वा आहतं संधुं निजचिकित्सालये त्वरितरूपेण प्रेषयितुं प्रयतन्ते स्म।

परस्परविरोधिनः समाचाराः सूचयन्ति यत् सः चिकित्सालयं प्रति परिवहनं कुर्वन् वा आगमनस्य किञ्चित्कालानन्तरं वा मृतः भवितुम् अर्हति। पुलिस घटनास्थले आगत्य अन्वेषणं प्रारब्धवान्, नगरे सर्वत्र निरीक्षणचौकानि स्थापयति स्म; तथापि प्रारम्भिकप्रतिक्रियायाः समये आक्रमणकारिणां विषये तत्कालं कोऽपि सूचनाः न प्राप्ताः। एषा घटना क्षेत्रे आतङ्कस्य वातावरणं जनयति स्म। अधुना पुलिसाः समीपस्थस्य सीसीटीवी-दृश्यानि अन्येषां उपलब्धसाक्ष्याणां च उपयोगेन आक्रमणकारिणां अन्वेषणं कर्तुं प्रयतन्ते। पूर्वं मृत्युधमकी उन्मत्तसन्धुहत्याप्रकरणस्य एकः निर्णायकः पक्षः अस्ति यत् सः घटनायाः पूर्वं कथिताः धमकीः प्राप्नुवन्ति स्म। सामाजिकमाध्यमसामग्रीणां, वेषशैल्याः, सार्वजनिकरूपेण स्वमतप्रकटीकरणस्य च आदतेः कारणेन सः विरोधस्य, धमकीनां च सामनां कृतवान् इति समाचाराः सूचयन्ति। सम्प्रति पुलिस अन्वेषणं कुर्वती अस्ति यत् हत्यायाः पूर्वं प्राप्ताः धमकीः प्रत्यक्षतया घटनायाः सह सम्बद्धाः आसन् वा अथवा वधस्य पृष्ठे अन्यत् किमपि व्यक्तिगतं आपराधिकं वा प्रेरणा आसीत् वा इति। अस्य घटनायाः अनन्तरं सामाजिकमाध्यमेषु प्रकरणसम्बद्धाः विविधाः दावाः उद्भूताः सन्ति; तथापि पुलिस-अनुसन्धानस्य समाप्तेः पूर्वं एतेषु कस्यापि दावस्य हत्यायाः निश्चितकारणत्वेन स्वीकारः अकालः भविष्यति। अधिकारिणां मते केचन लीड्स् प्राप्ताः, अन्वेषणदलानि च प्रकरणस्य विविधपक्षेषु कार्यं कुर्वन्ति। एकस्य साहसिकस्य सामाजिकमाध्यमस्य उपस्थितिद्वारा गढ़ा एकः विशिष्टः पहिचान उन्मत्तसन्धुः केवलं सामाजिकमाध्यमस्य प्रभावकः इति न प्रसिद्धः आसीत्।

उच्चन्यायालयस्य प्रश्नाः

मानकानि न पूर्यन्ते तर्हि छात्राणां भविष्यस्य किं भवति?

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

मध्यप्रदेशे नर्सिंगशिक्षायाः विषये विवादस्य विषये सुनवायी गम्भीरसंधिं प्राप्तवती अस्ति। मुद्दा केवलं नर्सिंग् महाविद्यालयस्य मान्यतां प्राप्तम् वा इति नास्ति, अपितु तस्याः अनुमोदनात् पूर्वं संस्थायाः वास्तविकस्थितिः कियत् गम्भीरतापूर्वकं सत्यापिता इति। मध्यप्रदेश उच्चन्यायालयस्य समक्षं जनहितमुकदमस्य सुनवायीकाले नर्सिंगमहाविद्यालयेषु उपलब्धसुविधाः, मान्यताप्रक्रिया, महाविद्यालयानाम् भौतिकस्थानानि, छात्रप्रशिक्षणं च इति विषये अनेके प्रश्नाः उत्थापिताः।

न्यायाधीशः आनन्दपाठकः न्यायाधीशः बी.पी.शर्मा च समाविष्टाः संभागपीठेन मान्यताप्रक्रियायाः विषये उत्थापितानां विषयाणां विषये मध्यप्रदेशस्य नर्सिंगपञ्जीकरणपरिषदः विस्तृतप्रतिक्रिया याचिता अस्ति। परिषदः १० दिवसेषु शपथपत्रं दातुं निर्देशः दत्तः अस्ति। अग्रिमः सुनवायी अक्टोबर्‌ ९ दिनाङ्के भविष्यति। मान्यता केवलं कागदपत्रे एव न भवितुमर्हति; सुविधानां सत्यापनम् अत्यावश्यकम् अस्ति सुनवायीकाले याचिकाकर्ता आरोपितवान् यत् राज्ये ये नर्सिंग् महाविद्यालयाः निर्धारितमानकान् पूरयितुं असफलाः सन्ति, आवश्यकमूलसंरचनायाः अभावः च अस्ति, तेभ्यः मान्यता प्रदत्ता अस्ति।

हरियाणादेशस्य एनसीआर पम्पाः ईंधनवितरणात्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ चण्डीगढ़

दिल्ली-एनसीआरक्षेत्रे वाहनप्रदूषणस्य नियन्त्रणार्थं अधुना ईंधनस्य पूरणात् पूर्वं वाहनस्य वैधं नियन्त्रणाधीनप्रदूषणं प्रमाणपत्रं सत्यापितं भविष्यति। उअदट मार्गदर्शिका संख्या 101 इत्यस्य अन्तर्गतं सम्पूर्णे राष्ट्रियराजधानीक्षेत्रे एषा प्रणाली 1 अक्टोबर्‌ 2026 तः आरभ्य कार्यान्विता अस्ति तदनुसारं हरियाणापरिवहनविभागेन राज्यस्य एनसीआरजिल्हेषु पेट्रोल, डीजल, सीएनजी च विक्रयणं कुर्वतां ईंधनस्थानकानां निर्देशः दत्तः यत् ते पीयूसी सत्यापनं सुनिश्चितं कुर्वन्तु। एषा नूतना प्रणाली प्रत्यक्षतया तेषां वाहनचालकानाम् प्रभावं करिष्यति येषां वैधं पीयूसी प्रमाणपत्रं नास्ति।

राशिफल

मेष : आज का दिन आपके लिए भाग्यशाली साबित हो सकता है। दोपहर के बाद तरक्की और लाभ देखने को मिल सकता है।

वृषभ : आज के दिन हो सकता है आप पॉलिटिक्स का शिकार हो जाएं। धन और वित्त के मामले में समय अच्छा रहेगा।

मिथुन : आज का दिन संतोषजनक रहेगा। सुझावों के प्रति खुले रहें, भले ही वे आपके जूनियर्स से ही क्यों न आए हों।

कर्क : आज आपके काम की सराहना होगी और तारीफ भी मिलेगी। व्यवसायी अपने काम का विस्तार करेंगे।

सिंह : यह एक सपने के सच होने जैसा दिन होगा। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी और अच्छा मुनाफा हासिल करेंगे।

कन्या : अप्रत्याशित घटनाएं आपके काम करने की स्पीड को धीमा कर सकती हैं। आप मनमुताबिक परिणाम प्राप्त नहीं कर सकेंगे।

तुला : आज के दिन फिटनेस पर ध्यान दें और तनाव से दूर रहें। नया कार्यभार मिलने की भी बड़ी संभावना है।

वृश्चिक : आज पार्टनरशिप में व्यवसाय करने वालों में मतभेद हो सकता है, जिससे दरार पड़ सकती है।

धनु : आज के दिन कुछ नुकसान होने की आशंका है। आज आपको पॉजिटिव एटीट्यूड मेन्टेन करना चाहिए।

मकर : अप्रत्याशित खर्चे चीजें बिगाड़ सकते हैं और तनाव का कारण बन सकते हैं। तनाव से बचने के लिए सेल्फ केयर पर फोकस करें।

कुंभ : करियर और फाइनेंशियल लाइफ आज नॉर्मल रहेगी। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए बहुत ज्यादा प्रयास करने पड़ सकते हैं।

मीन : आज करियर में कुछ उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ेगा। हाइड्रेटेड रहें और सेल्फ-केयर पर फोकस करें।

मार्च में आखिरी इंटनरनेशनल मैच खेला था; उनकी जगह सूर्यांश शेडगे को मौका

हार्दिक ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



हार्दिक पंड्या चोट की वजह से ऑस्ट्रेलिया अ के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। सीरीज इसी महीने 6 से 11 अक्टूबर के बीच पुडुचेरी में खेली जाएगी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, उनकी जगह ऑलराउंडर सूर्यांश शेडगे को टीम में शामिल किया गया है। सूर्यांश ने बेंगलुरु स्थित इउउक के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। वे पहले ही टीम के साथ जुड़ गए हैं। हार्दिक ने आखिरी बार आईपीएल 2026 में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेला था। उन्होंने अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच मार्च में हुए टी-20 वर्ल्ड कप में खेला था।

जून में भारत के लिए डेब्यू कर चुके हैं सूर्यांश- सूर्यांश ने जून 2026 में आयरलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में डेब्यू किया था। वे 3 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेल चुके हैं। इंडिया अ टीम में चुने जाने के कारण अब वे मुंबई के रणजी ट्रॉफी ओपनर में नहीं खेल पाएंगे। मुंबई को 11 अक्टूबर से वानखेड़े स्टेडियम में चंडीगढ़ के खिलाफ पहला मैच खेलना है।

नमन धीर भी सीरीज से बाहर- हार्दिक के अलावा नमन धीर भी ऑस्ट्रेलिया अ के खिलाफ 3 अनऑफिशियल वनडे नहीं खेलेंगे। उन्हें 1 अक्टूबर को वेस्टइंडीज के खिलाफ 5 मैचों की टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। नमन को वाशिंगटन सुंदर की जगह टीम में मौका मिला है। सुंदर को न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए टी-20 टीम से रिलीज किया गया है। वे तमिलनाडु के लिए रणजी ट्रॉफी खेलेंगे।

ऋतुराज गायकवाड कप्तान, पडिक्कल उपकप्तान


ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ वनडे सीरीज में ऋतुराज गायकवाड इंडिया ए की कप्तानी करेंगे। देवदत्त पडिक्कल उपकप्तान होंगे। टीम में साई सुदर्शन, रजत पाटीदार, प्रियांश आर्य, प्रिसिमरन सिंह, विप्रज निगम और यश ठाकुर समेत कई खिलाड़ी शामिल हैं।

इंडिया ए का स्क्वॉडः ऋतुराज गायकवाड (कप्तान), प्रियांश आर्य, साई सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल (उपकप्तान), रजत पाटीदार, कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर), निशांत सिंधु, विप्रज निगम, अर्शिन कुलकर्णी, अरशद खान, प्रिसिमरन सिंह (विकेटकीपर), गुरजपनीत सिंह, यश ठाकुर, सूर्यांश शेडगे

ज्योतिष/वास्तु

अश्लेषा नक्षत्र में गुरु का गोचर

तीन राशि वालों को होगा सबसे ज्यादा फायदा और बनेंगे बिगड़े काम



वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, 8 अक्तूबर को गुरु अश्लेषा नक्षत्र के चौथे नक्षत्र में प्रवेश करेंगे, जिससे कुछ राशि वालों को आकस्मिक धन लाभ और जीवन में सुख-समृद्धि की प्राप्ति होगी।

वैदिक ज्योतिष शास्त्र में देवगुरु बृहस्पति को ज्ञान, विस्तार, भाग्य, धर्म और संतान कारक ग्रह माना जाता है। देवगुरु बृहस्पति को शुभ ग्रह माना गया है और इनकी कुंडली में स्थिति अच्छी होने पर जातक के जीवन में सुख-समृद्धि और मान-सम्मान की प्राप्ति होती है। गुरु इस समय अपनी उच्च राशि कर्क में विराजमान हैं। उच्च के गुरु हमेशा ही अच्छा फल प्रदान करते हैं। साथ ही देवगुरु बृहस्पति अश्लेषा नक्षत्र के तीसरे चरण में विराजमान हैं, जो 8 अक्तूबर को अश्लेषा नक्षत्र के चौथे चरण में प्रवेश करेंगे। गुरु का अश्लेषा नक्षत्र के चौथे पद में जाने से कुछ राशि वालों को लाभ मिल सकता है।

मकर राशि – मकर राशि वालों के लिए गुरु का अश्लेषा नक्षत्र के चौथे पद पर जाना बहुत ही अनुकूल और शुभ साबित होगा। आपकी राशि में गुरु का सप्तम भाव में गोचर जीवन में कई तरह के बदलाव देखने को मिल सकते हैं। इस दौरान लंबे समय से विवाह में चली आ रही अड़चनें खत्म होंगी। नौकरीपेशा जातकों के लिए समय अच्छा रहेगा। लंबे समय से रुके हुए काम पूरे होंगे और आपकी कोई इच्छा पूरी हो सकती है। समाज में अच्छा मान-सम्मान और लाभ के अवसरों में वृद्धि होगी।

वृषभ राशि- ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार गुरु का अश्लेषा नक्षत्र के चौथे पद में जाना कई मामलों में खास हो सकता है। यह आपकी राशि के तीसरे भाव में संचरण कर रहे हैं, जिससे आपके साहस, ऊर्जा और पराक्रम में वृद्धि के योग बन रहे हैं। आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। कार्यस्थल पर आपके काम की तरीफ होगी। जिन लोगों की नौकरी-व्यापार में कोई दिक्कतें चल रही थी उसमें आपको राहत आने वाले दिनों में मिल सकती है। पार्टनर संग अच्छा समय बीतेगा।

कर्क राशि – कर्क राशि वालों के गुरु का अश्लेषा नक्षत्र के चौथे पद में गोचर बहुत ही खास और महत्वपूर्ण रहने वाला होगा सकता है। आपको कई क्षेत्रों में अच्छी सफलता हासिल हो सकती है। कार्यक्षेत्र में कोई बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। दांपत्य जीवन में सुखद पल बीतेगा। धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। जो लोग बेरोजगार हैं उनको नई नौकरी के लिए बेहतर अवसर मिल सकते हैं। किसी तरह के कानूनी मामलों में आपकी जीत होगी।

एशियाड की क्लोजिंग सेरेमनी में नीरू ढांडा ने तिरंगा थामा

सऊदी अरब के घुड़सवार ने जीता आखिरी गोल्ड

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सऊदी



एशियन गेम्स 2026 का समापन हो गया है। रविवार को जापान के नागोया सिटी स्थित मिजुहो पार्क एथलेटिक स्टेडियम में क्लोजिंग सेरेमनी हुई। इसमें भारतीय निशानेबाज नीरू ढांडा ने तिरंगा थामा।

इससे पहले सऊदी अरब के घुड़सवार हमद अलदुहामी ने गेम्स का आखिरी गोल्ड मेडल जीता। अब अगला एशियन गेम्स 2030 में कतर की राजधानी दोहा में खेला जाएगा।

सऊदी अरब के घुड़सवार ने जीता आखिरी गोल्ड- एशियन गेम्स 2026 का आखिरी गोल्ड मेडल सऊदी अरब के घुड़सवार हमद अलदुहामी ने जीता। वे घुड़सवारी के शो जम्पिंग इवेंट में चैंपियन बने। उन्हीं के देश के अब्दुलरहमान बदर एम अलराजही को सिल्वर और कतर के मोहम्मद बासेम को ब्रॉन्ज मिला।

थाईलैंड के एथलीट और चीन की तैराक को टश्ढ अवॉर्ड थाईलैंड के एथलीट बूनसोन पुरिपोल और चीन की 13 साल की तैराक यू जिदी को मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर अवॉर्ड दिया। बूनसोन ने पुरुषों की 100 मीटर रेस में सेमीफाइनल में 9.91 सेकंड का गेम्स रिकॉर्ड बनाया। फाइनल में उन्होंने 9.90 सेकंड के समय के साथ गोल्ड जीता।

फिर 200 मीटर के सेमीफाइनल में 20.10 सेकंड का गेम्स रिकॉर्ड बनाया। फाइनल में 19.88 सेकंड के साथ गोल्ड जीता। उनका समय एशियन रिकॉर्ड की बराबरी वाला रहा।

यू जिदी ने महिलाओं की 200 मीटर बटरफ्लाई में 2:05.08 के गेम्स रिकॉर्ड के साथ गोल्ड जीता। 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में 2:06.10 का एशियन रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 400 मीटर इंडिविजुअल मेडले में 4:28.56 के गेम्स रिकॉर्ड के साथ गोल्ड जीता।

यू जिदी ने 13 साल की उम्र में तीनों इवेंट में गोल्ड जीते। वे एशियन गेम्स के इतिहास की सबसे कम उम्र की टश्ढ बनीं।

रेस्ट ऑफ इंडिया ने 31वीं बार ईरानी कप जीता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ श्रीनगर

रेस्ट ऑफ इंडिया ने 31वीं बार ईरानी कप का खिताब जीत लिया है। टीम ने जम्मू-कश्मीर को 167 रन से हराया। श्रीनगर में 1 से 5 अक्टूबर तक खेले गए मुकाबले में रेस्ट ऑफ इंडिया ने पहली पारी में 237 और दूसरी पारी में 319 रन बनाए। इसके जवाब में जम्मू-कश्मीर की टीम पहली पारी में 278 और दूसरी पारी में 111 रन पर ऑलआउट हो गई।

दूसरी पारी में जम्मू-कश्मीर की बल्लेबाजी पूरी तरह लड़खड़ा गई। टीम 28.4 ओवर में 111 रन पर ऑलआउट हो गई। कामरान इकबाल ने 32 और शुभम खजूरिया ने 36 रन बनाए। इनके अलावा कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। रेस्ट ऑफ इंडिया के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने दूसरी पारी में शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने 10.4 ओवर में 33 रन देकर 6 विकेट लिए। आकाश दीप ने 3 और मुकेश चौधरी ने एक विकेट हासिल किया। रेस्ट ऑफ इंडिया की दूसरी पारी में रविचंद्रन स्मरण ने शानदार शतक लगाया। उन्होंने 153 गेंदों पर 135 रन बनाए। उनकी पारी में 16 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। स्मरण के अलावा सनत सांगवान ने 55 और सुधीप कुमार घरामी ने 33 रन बनाए।

खबर एक नजर...

बुजुर्ग परिवार की जड़ हैं, इनके बिना घर में बरकत नहीं

उज्जैन। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के उपलक्ष्य में कानीपुरा रोड स्थित माता-पिता सेवाधाम आश्रम में वरिष्ठजनों का सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में अतिथियों द्वारा आश्रम में निवासरत सभी बुजुर्गों को शॉल, श्रीफल और पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेविका डॉ. सतविंदर कौर सलुजा ने अपने उद्बोधन में कहा कि, ₹बुजुर्ग हमारे परिवार की जड़ हैं, जड़ें गहरी होंगी तो पेड़ हमेशा हरा-भरा रहेगा। आज बच्चों को संस्कारों की सबसे ज्यादा जरूरत है और वो संस्कार किताबों से नहीं, दादा-दादी की गोद से मिलते हैं। श्रीमती मीना जयंत जी ने इन असहाय बुजुर्गों को आश्रय नहीं, एक परिवार दिया है, यह अत्यंत पुण्य का कार्य है।₹ उन्होंने आश्रम को हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।

टीनशेड काट कर शराब दुकान में चोरी का प्रयास

उज्जैन। कायथा थाना क्षेत्र के मक्सीरोड पर अंग्रेजी शराब दुकान का रात दो से ढाई बजे के बीच अज्ञात बदमाश ने टीनशेड काटकर चोरी का प्रयास किया। बदमाश दुकान में घुस गया था लेकिन कर्मचारियों ने आहत सुनी तो नींद से जाग गये। बदमाश जिस रास्ते से आया था उसी रास्ते से भाग निकला। शराब दुकान के कर्मचारी उमेश पिता जगननाथ जयसवाल निवासी गाजीपुर उत्तरप्रदेश द्वारा मामले की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई गई है। पुलिस के अनुसार शराब दुकान से कुछ चोरी होना सामने नहीं आया है लेकिन दुकान के बाहर आयशर खड़ी मिली है। जिसके चालक का कुछ पता नहीं चल पाया है। कर्मचारियों को आशंका है बदमाश आयशर चालक हो सकता है। पुलिस नम्बर के आधार पर चालक का पता लगा रही है। जिसके मिलने पर ही स्पष्ट होगा कि दुकान में कौन घुसा था।

घूरकर देखने और फोटो खिंचने पर रिश्तेदारों में विवाद

उज्जैन। ग्राम नौगांवा में रहने वाले मांगीलाल पिता आत्माराम जाट 48 साल और रिश्तेदार माणकचंद पिता जगन्नाथ जाट 58 साल का मकान आमने-सामने बना हुआ है। दोनों के बीच घूरकर देखने और फोटो खिंचने की बात पर विवाद हो गया। एक-दूसरे के साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। मामला तराना थाना पुलिस के पास पहुंचने पर मांगीलाल का आरोप था कि खेत की ओर जाते समय घूरकर देखने से मना किया तो मारपीट की गई। वहीं माणकचंद का कहना था कि मांगीलाल उसका फोटो खींच रहा था। पुलिस ने दोनों के बीच आरोप-प्रत्यारोप देख क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

पारिवारिक विवाद में पति ने की पत्नी के साथ मारपीट

उज्जैन। मक्सीरोड पंवासा में पारिवारिक विवाद में ओमप्रकाश ने पत्नी सुशीला के साथ मारपीट की और भाग निकला। घायल सुशीला को भतीजी चरक अस्पताल लेकर पहुंची। परीक्षण के दौरान घायल महिला के हाथ में फैक्चर होना सामने आया। डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया है। ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। गुरूवार-शुक्रवार रात ढांचा भवन में रहने वाली मालाबाई के साथ पति सुनील चौधरी ने दराते से हमला कर मारपीट की थी। चिमनगंज थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया था लेकिन 2 दिन बाद भी पति पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सका।

मृतकों की नहीं हुई पहचान, पुलिस ने दफनाये शव

उज्जैन। मक्सीरोड उद्योगपुरी से 3 दिन पहले नाले में एक व्यक्ति का शव पंवासा थाना पुलिस ने बरामद किया था। पहले पता चला था कि रतलाम का रहने वाला है, लेकिन उसके परिजनों की कोई जानकारी सामने नहीं आ पाई। वहीं एक शव जीआरपी ने रेलवे परिसर से बरामद कर परिजनों की तलाश शुरू की थी। रविवार दोपहर तक दोनों के परिजनों का पता नहीं चलने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शवों को दफना दिया है।

देवासरोड पर बस-कार की भिड़ंत में प्रकरण दर्ज

उज्जैन। देवासरोड सैफी पेट्रोल पंप के सामने शनिवार देर शाम बस और कार के बीच भिड़ंत हो गई थी। दुर्घटना के बाद चालक बस लेकर भाग निकला था। कार चालक ने मामले की शिकायत नागझिरी थाना पुलिस से की थी और कार क्षतिग्रस्त होना बताया था। पुलिस ने मामला जांच में लिया और बस चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज कर लिया। बस उज्जैन-देवास के बीच चलना बताई गई है। पुलिस का कहना था कि दुर्घटनास्थल पर लगे कैमरों की मदद से बस की पहचान कर जप्त किया जायेगा।

5 8 0

आगामी त्यौहारों को सौहार्द्र और शांति के साथ पूरा कराने के उद्देश्य से पुलिस ने अपनी तैयारियां शुरू

बैठक में लिया निर्णय, रात 10 बजे बाद डीजे पर रहेगा प्रतिबंध

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आगामी त्यौहारों को सौहार्द्र और शांति के साथ पूरा कराने के उद्देश्य से पुलिस ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। रविवार को सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा डीजे संचालकों के साथ बैठक आयोजित की और रात 10 बजे बाद डीजे नहीं बजाने के निर्देश जारी किये।

कुछ दिनों बाद माता की आराधना का नौ दिवसीय पर्व नवरात्री की शुरूआत होने जा रही है। उसके बाद दशहरा पर्व मनाये जायेगा। वहीं हिन्दू संप्रदाय का सबसे बड़ा पर्व दीपावली भी नवम्बर माह में होगा। सभी त्यौहारों और पर्व को लेकर पुलिस द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है। ताकि त्यौहारों को शांतिपूर्ण वातावरण में सौहार्द्र के साथ मनाया जा सके। इसको लेकर सबसे पहले शहर के डीजे संचालकों की बैठक आयोजित की गई। थाना प्रभारियों ने अपने क्षेत्र के संचालकों को बुलाया और ध्वनि प्रदूषण से संबंधित निर्धारित नियमों, मानकों का पालन करने के साथ निर्धारित अनुमति, शर्तों के अनुरूप ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करने और रात 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर/ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग नहीं करने के स्पष्ट निर्देश जारी किये। संचालकों से कहा गया कि रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर/पब्लिक एड्रेस सिस्टम के उपयोग पर सामान्य प्रतिबंध



है। निदेशों का उल्लघंन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जावेगी। बैठक के दौरान पुलिस द्वारा डीजे संचालकों से नियम और निदेशों का पालन करने के लिये बंध पत्र (बॉड) भरवाये गये। साथ ही बताया गया कि मर्यादित और सभ्य गीत संगीत का प्रसारण करेंगें किसी धर्म संप्रदाय, जाति अथवा समुदाय की भावना को ठेस पहुंचने वाले गीतों को नहीं बजायेगें। पुलिस ने सभी संचालकों से सामाजिक सौहार्द, आपसी भाईचारे एवं शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने में सहयोग की अपेक्षा की गई।

रात में निकाला गया फ्लैग मार्च

दिन में डीजे संचालकों की बैठक के बाद रात में जिला पुलिस बल और आरएएफ के जवानों द्वारा कानून व्यवस्था को बनाये रखे के साथ आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से शहर के प्रमुख और संवेदनशील क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। मार्च के दौरान पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी पैदल भ्रमण करते दिखाई दिये। शहर के साथ ग्रामीण थाना क्षेत्रों में भी शांति और सौहार्द्र को कायम रखने के लिये फ्लैग मार्च किया जा रहा है।

होमगार्ड टीम ने चलाया तलाशी अभियान, आज फिर शुरू होगी सर्चिंग

खदान में डूबा नाबालिग, 6 घंटे बाद भी नहीं मिला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

इंदौररोड पर तालाब का रूप ले चुकी खदान में रविवार को नाबालिग नहाने के लिये उतारा था लेकिन वापस बाहर नहीं आया। उसके डूबने की खबर मिलने पर पुलिस और होमगार्ड की टीम तलाश के लिये पहुंची। 6 घंटे चले अभियान के बाद भी नाबालिग का पता नहीं चल पाया। आज दोबारा से सर्चिंग शुरू की जायेगी।

होमगार्ड प्लाटून कमांडर पुष्पेन्द्र त्यागी ने बताया कि दोपहर में नानाखेड़ा थाना पुलिस के माध्यम से इंदौर रोड स्थित ग्राम निनौरा के पास तालाब में दीपक पिता मनोज 14 साल निवासी निनौरा के डूबने की सूचना मिली थी। तलाशी अभियान के लिये एसडीआरएफ की टीम को रवाना किया गया। करीब 6 घंटे तक तलाशी अभियान चलाया गया, लेकिन डूबने नाबालिग नहीं मिल पाया। उसके डूबने की सही जगह भी सामने नहीं आ पाई थी। सोमवार को उसकी तलाश में डीप डायविंग कराई जायेगी। मामले में नानाखेड़ा थाना पुलिस का कहना



था कि सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। नाबालिग के डूबने की सूचना गांव वालों से मिली थी। उसके कपड़े तालाब के पास मिले है। परिजन भी दीपक के कपड़े तालाब किनारे मिलने पर आ गये थे। पिता ने बताया कि सुबह मवेशी चराने के लिये निकला था। आशंका जताई गई कि मवेशी चराते समय वह कपड़े उतारकर नहाने के लिये उतारा होगा उसी दौरान डूबा है। नाबालिग के डूबने की सूचना पर आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई थी। टीआई नरेन्द्र कुमार यादव का कहना था कि नाबालिग के मिलने पर ही आगे की विवेचना शुरू की जायेगी।

क्षिप्रा नदी से मिली युवक की लाश

तालाब में डूबे नाबालिग की तलाश में तलाशी अभियान चलाया जा रहा था इसी बीच भूखी माता घाट और लालपुल के बीच महाकाल थाने की सीमा में एक युवक की क्षिप्रा नदी में लाश तैरती दिखाई दी। सूचना पर पुलिस और मां क्षिप्रा तैराक दल के सदस्य पहुंचे। सचिव संतोष सोलंकी ने बताया कि शव को बाहर निकाला गया, मृतक पेंट-बनिया पहने था और शव 3 से 4 दिन पुराना हो चुका था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल पहुंचाया। टीआई गगन बादल ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। उसके पास कोई दस्तावेज नहीं मिला। उसके परिजनों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है, संभावना है कि शव कहीं से बहता हुआ लालपुल तक पहुंचा है।

गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपी को उम्रकैद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गोली मारकर युवक की हत्या करने के मामले में 54 माह तक चली सुनवाई के बाद न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी पर 7 हजार का अर्थदंड भी किया गया है। हत्या लेनदेन के विवाद में हुई थी। उपनिदेशक अभियोजन राजेन्द्र कुमार खांडेगर ने बताया कि 3 मार्च 2022 की रात डी मार्ट के पास लखन राठौर की गोली मारकर रवि उर्फ शुभम पिता उदयसिंह सिसौदिया निवासी मालनवासा ने हत्या कर दी थी। पुलिस ने मामले में पहले धारा 302 का प्रकरण दर्ज किया था और आरोपी को गिरफ्तार किया था। पुलिस विवेचना में सामने आया था कि मृतक लखन राठौर ने वासु से 25 हजार रुपए उधार लिये थे। वहीं हत्या करने वाले ने लखन से 37 हजार रुपए उधार लिये थे। 2 मार्च 2022 को रवि उर्फ शुभम रात 9 बजे लखन के घर पहुंचा था और बोला कि वासु ने 25 हजार रुपए देने के लिये कहा है। लखन ने कहा कि तुझे 37 हजार रुपए दिये है उसमें से 25 हजार वासु को लौटा देना। रवि ने पैसे नहीं होने की बात कहीं और सुबह डी मार्ट के पास मिलने का बोलकर चला गया था। लखन सुबह डी मार्ट पहुंचा तो रवि ने पिस्टल निकालकर सिर में गोली मार दी थी और भाग निकला था। पुलिस ने विवेचना पूरी होने पर आरोपी रवि से पिस्टल बरामद कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था। लम्बी चली सुनवाई की प्रकिया पूरी होने के बाद विशेष न्यायाधीश अरविंद प्रताप सिंह चौहान (एससी/एसटी एक्ट) द्वारा फैसला सुनाते हुये रवि उर्फ शुभम सिसोदिया को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास, धारा-25 (1-ख) (क) आयुध अधिनियम में 3 वर्ष का कारावास और धारा 27 (1) आयुध अधिनियम में 3 वर्ष का कारावास के साथ 7 हजार के अर्थदंड से दण्डित किया।

यातायात नियमों का पालन करने वालों को एसपी ने बांटी चॉकलेट



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को रोकने के लिये पुलिस द्वारा 28 सितंबर से 8 अक्टूबर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यातायात पुलिस जहां स्कूलों, महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं को नियमों के प्रति जागरूक करने पहुंच रही है। वहीं रविवार को एसपी प्रदीप शर्मा ने मैदान में उतरकर मार्गो पर यातायात नियमों का पालन हेलमेंट, सीट बेल्ट लगाकर गुजरने वाले चालकों को चॉकलेट और चाबी का छल्ला देकर प्रोत्साहित किया। नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। भी की जा रही है। पुलिस का उद्देश्य लोगों को सुरक्षित यातायात के लिए प्रेरित करना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है।

पति के ड्यूटी पर जाते ही पत्नी ने लगाई फांसी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पति के शनिवार रात नाइट ड्युटी पर जाते ही पत्नी ने फांसी लगा ली। डेढ़ साल का पुत्र रोतने लगा, सास को रोने की आवाज सुनाई दी तो वह कमरे में पहुंची, उसने बहू को पंखे से फांसी के फंदे पर लटका देखा। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। ग्राम आकासौदा में रहने वाला सुरज बैरागी होटल में काम करता है।

शनिवार को उसकी नाइट ड्युटी होने पर रात 10 बजे घर से निकला था। कुछ देर बाद उसकी पत्नी रोशनी बैरागी 25 साल ने कमरे में दुपट्टे के फंदे से फांसी लगा ली। 11 बजे के लगभग रोशनी के मासूम बेटे के रोने की आवाज सुरज की मां पवित्रा बैरागी की सुनाई दी तो वह रोशनी के कमरे में पहुंची। जहां उसने फंदे पर लटका देखा। पवित्रा बैरागी ने अपने पति और पुत्र को मामले की जानकारी दी। आसपास के लोगों की मदद से रोशनी को नीचे उतारा गया और चरक अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। चिंतामण थाना



पुलिस को सूचना मिली तो मामले में मर्ग कायम किया गया और रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान पति सूरज ने बताया कि ड्युटी जाने से पहले रोशनी ने उसके साथ खाना खाया था। उस दौरान तक सबकुछ ठीक था। ऐसा नहीं लगा था कि रोशनी खौफनाक कदम उठा लेगी। उसका मायके बीना के पास है। बताया जा रहा था कि रोशनी के फांसी लगाने की खबर मिलने पर मायके पक्ष के लोग भी उज्जैन पहुंच गये थे। पुलिस के अनुसार दोनों परिवारों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू की जायेगी। फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है।

हरसोदन में बुजुर्ग भी फंदे पर मिला

पंवासा थाना क्षेत्र के ग्राम हरसोदन में रहने वाला बुजुर्ग हजारीलाल पिता भंवरलाल 80 साल भी घर के पीछे रस्सी के फंदे पर लटका मिला। पुलिस के अनुसार सूचना मिलने पर घटनास्थल से शव को चरक अस्पताल लाया गया। परिजनों ने बताया कि मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। रात में कब घर से बाहर निकलकर फांसी लगाई इसकी जानकारी नहीं है। पुलिस द्वारा मामले में जांच की बात कहीं गई है।

धक्का देकर दरवाजा खोला तो मिली हजारों की शराब



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कुख्यात तस्कर के मकान में अवैध शराब का जखीरा होने की सूचना पर रविवार तड़के आबकारी की टीम तराना पहुंची। दरवाजा अंदर से बंद था, जिससे खुलवाने का प्रयास किया गया। नहीं खुलने पर धक्का देकर खोला गया। अंदर देशी के साथ विदेशी शराब रखी होना मिली।

आबकारी नियंत्रण कक्ष अधिकारी मुकेश रंदा ने बताया कि जिले में अवैध शराब को लेकर सहायक आबकारी आयुक्त निधि जैन के निर्देश पर विभाग की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में सूचना मिली थी कि तराना के कुख्यात तस्कर के मकान में अवैध शराब रखी हुई है। व्रत प्रभारी उपनिरीक्षक संदीप कतरोलिया, आकांक्षा गढ़वाल की टीम ने तराना के पाला मोहल्ला में तस्कर भारत पिता देवीसिंह राजपूत के मकान पर दबिश दी। सुबह 6 बजे दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया गया लेकिन अंदर से बंद दरवाजा नहीं खुला। अवैध की सूचना पुख्ता होने पर तराना पुलिस और गवाहों की मौजदूगी में दरवाजे को धक्का देखकर खोला गया। टीम ने मकान की तलाशी ली तो वहां से देशी-विदेशी शराब का जखीरा मिल गया। तस्कर भारतसिंह को हिरासत में लिया गया और मामले में आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) क, 34 (2) का प्रकरण दर्ज किया गया। बरामद की गई शराब की कीमत 46 हजार रुपए पाई गई है। नियंत्रण कक्ष अधिकारी रंदा के अनुसार आरोपी के खिलाफ पूर्व में मादक पदार्थ तस्करी और अवैध शराब सहित 11 प्रकरण दर्ज है।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com